Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 83 | बुधवार, 26 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी का निर्देश

# गर्मी की छुट्टी में भी खुलेंगे स्कूल 20 मई से 15 जून के बीच लगेंगे समर कैंप



**लखनऊ।**

यूपी के परिषदीय स्कूल गर्मियों की छुट्टियों के दौरान भी खोले जाएंगे। इस दौरान यहां समर कैंप के अलावा दूसरी गतिविधियां भी होंगी। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए अब गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप लगाए जाएंगे। इनमें बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।समर कैंप 20 मई से 15 जून के बीच चयनित विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। विभाग इस पर लगभग 200 करोड़ खर्च करेगा। यह पहल न सिर्फ बच्चों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में भी मददगार साबित होगी। अब तक इस तरह की कवायद सिर्फ निजी विद्यालयों में ही होती है। विभाग के अनुसार कैंप में फाउंडेशनल लिट्रेसी और न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर आधारित गतिविधियां होंगी। जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास, योग, खेलकूद, विज्ञान-तकनीक आधारित प्रयोग, कला-सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक बनाया जाएगा। कैंप सुबह डेढ़ घंटे तक ही आयोजित किए जाएंगे। शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षकों की देखरेख में कैंप का संचालन होगा। कैंप में बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के तहत गुड़ की चिक्की, बाजरे का लड्डू, रामदाना लड्डू, गुड़-चना और लैया पट्टी जैसी पौष्टिक खानपान की चीजें भी दी जाएंगी।

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। समर कैंप 20 मई से 15 जून के बीच चयनित विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। विभाग इस पर लगभग 200 करोड़ खर्च करेगा।

## ॥ सार संक्षेप

# सेना को मिलेंगे 156 लड़ाकू हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से थलसेना और वायु सेना के लिए 45,000 करोड़ रुपये के 145 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने के सौदे को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर ऑपरेशन के लिए इन हेलीकॉप्टरों को खरीदने के मामले को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। यह देश में रोजगार सृजन और एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। सूत्रों ने बताया कि एचएएल को पिछले साल जून में 156 हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर के लिए निविदा मिली थी। विचार-विमर्श के बाद यह परियोजना अब अंतिम मंजूरी के लिए तैयार है। 156 हेलीकॉप्टरों में से 90 थलसेना के लिए होंगे, जबकि 66 भारतीय वायु सेना के लिए होंगे। इस संयुक्त खरीद के लिए भारतीय वायुसेना प्रमुख एजेंसी है।हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर को प्रचंड के नाम से भी जाना जाता है। यह दुनिया का एकमात्र अटैक हेलीकॉप्टर है जो 5,000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई पर उतर सकता है और उड़ान भर सकता है।

> 45 हजार करोड़ का है सौदा

## लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित

# वित्त मंत्री सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने वाला बताया



**नई दिल्ली।**

वित्त विधेयक 2025 मंगलवार को 35 सरकारी संशोधनों के बाद लोकसभा से पारित हो गया। वित्त मंत्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस दौरान विधेयक को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया।

लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में महत्वपूर्ण कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14% की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी।

## कई हथियार-विस्फोटक सामग्री बरामद

# छत्तीसगढ़ में 25 लाख के इनामी सुधीर समेत तीन नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।**

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खात्मे का अभियान जारी है। दंतेवाड़ा में सुरक्षा बल ने मंगलवार को 25 लाख रुपये के इनामी सुधीर उर्फ सुधाकर उर्फ मुरली समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया। तेलंगाना के वारंगल जिले के तारलापल्ली का रहने वाला सुधीर दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसीएम) का सदस्य था और उसे नक्सलियों का थिंकटैंक माना जाता था। बीजापुर जिले की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुधीर के अलावा डीकेएसजेडसीएम के दो-दो लाख के इनामी नक्सली मन्नू बारसा व पंडरु अतरा को भी मारने में सुरक्षा बल को सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि गीदम के गिरसापारा, नेलगोड़ा, बोड़गा तथा इकेली के पास के जंगलों में नक्सली प्लाटून नंबर 16 की उपस्थिति की सूचना मिली थी। इस पर दंतेवाड़ा डीआरजी व बस्तर फाइटर की टीम को भेजा गया था। गश्त के दौरान सुबह लगभग आठ बजे मुठभेड़ शुरू हो गई। दोपहर तक दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। बाद में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने तीनों नक्सलियों के शव बरामद किए। बता दें कि प्रदेश में इस वर्ष अब तक 122, जबकि पिछले 14 महीनों में 361 नक्सली मारे गए हैं।




# विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत से की मुलाकात

**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मुलाकात के दौरान म्यांमार की स्थिति, सीमा स्थिरता और शरणार्थी संकट पर चर्चा की। म्यांमार में 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से हिंसा जारी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मुलाकात की और म्यांमार में तेजी से बदले हालात पर चर्चा की। बिशप इस समय भारत दौरे पर हैं। उन्होंने अप्रैल 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने म्यांमार के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज शाम दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र महासचिव की म्यांमार के लिए विशेष दूत जूली बिशप से मिलकर खुशी हुई। हमने सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, म्यांमार से होने वाले अंतरराष्ट्रीय अपराधों और आर्थिक मदद पर चर्चा की। हमने राजनीतिक स्थिति पर भी विचार साझा किए।



# 10 आतंकियों की घुसपैठ के बाद पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**पठानकोट/जम्मू।** पठानकोट में दिल्ली-कटड़ा नेशनल हाईवे के पास मंगलवार को सात संदिग्धों को देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। ये आतंकी 3 समूहों में विभाजित हैं। भारतीय सीमा में आतंकियों की घुसपैठ की सूचना के बाद पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक 10 आतंकियों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की है। पठानकोट में दिल्ली-कटड़ा नेशनल हाईवे के पास मंगलवार को सात संदिग्धों को देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। ये आतंकी 3 समूहों में विभाजित हैं। इनका 5, 3 और 2 आतंकियों का समूह है। हीरानगर (कठुआ) से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय क्षेत्र में 10 आतंकवादी घुसपैठ कर चुके हैं, जिनमें से 5 को देखा गया। 25 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजे एक महिला जिसका नाम दर्शना देवी डिंगा अंब जिला कठुआ है, ने अपने घर के बाहर दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। संदिग्धों ने उससे पानी मांगा।



# आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक को मिली संसद की मंजूरी




**नई दिल्ली।**

शहरों में जलभराव से लेकर आगजनी तक की घटनाओं से निपटने के लिए अलग प्राधिकरण बनेगा। आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक में शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बनाने का प्रविधान है। इस संशोधन विधेयक को संसद की मुहर लग गई है। राज्यसभा ने इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा से यह विधेयक दिसंबर 2024 में पास हो चुका है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम आपदा में कभी राजनीति नहीं करते और कोविड महामारी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 2005 के आपदा प्रबंधन कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी सांसदों द्वारा आपदा प्रबंधन में विपक्ष शासित राज्यों के साथ भेदभाव और प्रस्तावित संशोधन से संघीय ढांचे के कमजोर के होने के आरोपों को अमित शाह ने सिरे से खारिज कर दिया।

### भारत के कोरोना प्रबंधन को दुनिया ने स्वीकारा

भारत में कोरोना प्रबंधन की सफलता को पूरी दुनिया स्वीकार किया। उन्होंने कहा, संशोधनों में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखते हुए परंपरागत के साथ वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही जिला स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक सभी एजेंसियों के दायित्व और जिम्मेदारियों को भी स्पष्ट किया गया है। एक लाख आपदा मित्रों की वजह से आपदा प्रबंधन में मिली सफलता के मद्देनजर दो लाख 37 हजार नए आपदा मित्र बनाने का लक्ष्य है।

# पुतिन के खास गिफ्ट से खुश हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



**एपी, मॉस्को।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को उनका एक चित्र भेंट किया है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों से कहा कि पुतिन ने मॉस्को में ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकोफ को इस महीने के शुरू में पेंटिंग भेंट की थी। यूक्रेन युद्ध के बीच रूस और अमेरिका संबंधों को सामान्य करने में लगे हैं। पिछले सप्ताह विटकोफ ने फॉक्स न्यूज की पूर्व होस्ट टकर कार्लसन को साक्षात्कार में कहा था कि ट्रंप चित्र से बहुत प्रभावित हुए और उसे सुंदर कहा है। इसी तरह 1945 में सोवियत स्कूली बच्चों ने तत्कालीन अमेरिकी राजदूत एवरेल हैरिमन को अमेरिका की मुहर की नक्काशी दी थी। छह वर्ष तक उनके कार्यालय में लटकी रही नक्काशी से सोवियत संघ उनकी बातचीत सुनता रहा। बाद में पता चला कि उसमें सुनने वाला उपकरण लगा हुआ है। 2018 में भी पुतिन ने ट्रंप को उपहार में फुटबॉल दिया था। सेक्रेट सर्विस ने फुटबाल की जांच की थी कि कहीं इसमें कोई बग तो नहीं लगा है।

## संपादक की कलम से

# जस्टिस पर सुलगते सवाल

जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण में कुछ सुलगते सवाल सामने आए हैं। वे हमारी व्यवस्था और प्रशासनिक चरित्र को बेनकाब करते हैं। इस प्रकरण में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय भी प्रमुख किरदार हैं, जिन्हें 15 मार्च को ही आगजनी और नकदी नोटों से भरी बोरियों का खुलासा कर दिया गया था। सवाल है कि 21 मार्च को खबर छपने तक वे खामोश क्यों रहे? उन्होंने क्या संज्ञान लिए? क्षमा कीजिए, हम न्यायमूर्तियों के किसी फैसले या न्यायपालिका की अवमानना नहीं कर रहे हैं, लेकिन वे भी देश के प्रति जवाबदेह हैं। हम स्थितिजन्य सवालों को उठा रहे हैं। अंततः सर्वोच्च अदालत को उस वीडियो रपट को देश के सामने सार्वजनिक करना ही पड़ा, जो दिल्ली पुलिस ने तैयार की थी और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को सौंपी थी, लेकिन तमाम तस्वीरें, वीडियो और आवास के बाहर मलबे में जले हुए 500 रुपए के नोट आदि अर्द्धसत्य हैं। उनके जरिए ही पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंचा जा सकता और किसी को अपराधी भी साबित नहीं किया जा सकता। सवाल है कि 9 दिन के बाद भी जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के बाहर मलबा और जले हुए नोट क्यों मौजूद हैं? क्या वे साक्ष्य हैं? तो उन्हें सुरक्षित तौर पर घेरेबंदी में क्यों नहीं रखा गया है? आग लगे कमरे से बाहर तक मलबा कौन लाया और किसने आदेश दिए? नकदी नोट 5-6 बोरियों में भरे थे, वे कहां गायब हो गए? पुलिस ने आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और अन्य संबद्ध एजेंसियों को इतने नकदी नोटों की सूचना क्यों नहीं दी? रिकवरी मेमो भी सामने नहीं आया है! सबसे अहम सवाल तो यह है कि पुलिस ने प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज क्यों नहीं की? जस्टिस वर्मा की संवैधानिक सुरक्षा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करनी थी। प्राथमिकी अग्निकांड, घटनाक्रम और बरामद नकदी नोटों को लेकर दर्ज की जानी चाहिए थी। वैसे भी जज के सरकारी घर से अधजले नोट मिले हैं। बेहिसाब नकदी रखना न्यायिक काम भी नहीं है। ऐसे में जज की इम्युनिटी (संवैधानिक सुरक्षा) कैसे खंडित होती? इस संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश अथवा मुख्य न्यायाधीश की अनुमति लेना भी अनिवार्य नहीं था। सेवामुक्त न्यायाधीश जस्टिस एसएन ढींगरा का सवाल है कि यदि जज के आवास से कोकीन या अन्य आपत्तिजनक पदार्थ बरामद होते, तो क्या पुलिस तब भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती? पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और फायर ब्रिगेड प्रमुख अतुल गर्ग इतने कमजोर किरदार नहीं हैं कि वे किसी अति शक्तिशाली किरदार के दबाव में आकर कार्रवाई करते! इस मामले में प्राथमिकी सबसे पहली और बुनियादी कार्रवाई थी। ऐसा आभास होता है कि 14-21 मार्च के दरमियान न्यायाधीश के आवास में आग लगने और नोटों से भरी बोरियां बरामद होने के प्रकरण में कुछ संवेदनशील छेड़छाड़ की गई है, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। गहन जांच जरूरी है।



ललित शर्मा
संपादक

## सुकून बस गांव में आता है

श्याम सुंदर

कविता



गांव से दूर होली दिवाली
भला किसको भाता है
सुकून शहर में नहीं
बस गांव में आता है

कुछ मजबूरियां होती है
जो गांव से दूर ले जाता है
भला गांव को छोड़कर
शहर कौन आता है

सुकून के तलाश में अक्सर
मन शहर की ओर जाता है
पर सच यही है मेरे भाई
सुकून शहर में नहीं
बस गांव में आता है

शहर के कोलाहल से दूर
गांव बिलकुल शांत होता है
पीपल बरगद की वो छांव
हमें खूब याद आता है

दोस्तों के साथ बिताए
हर पल याद आता है
घर के लोग ही नहीं
गांव भी हमें बुलाता है

गर्मियों की दिनों में
गांव में समय बिताना
बड़ा आसान होता है
ताश का वो बावन पत्ता
मनोरंजन का साधन होता है

गांव का आम का बगीचा
हमे खूब याद आता है
जब हवा तूफान आता
दौड़कर बगीचे में चले जाते
गांव का आम का बगीचा
हमे फिर से बुलाता है

घर के आंगन में सोने का
मजा कुछ और होता है
आसमान के नीचे रात में
सुकून भरा नींद आता है
घर का वो खुला आंगन
हमे फिर से बुलाता है

आज भले शहर में हैं हम
पर मन गांव में होता है
सुकून शहर में नहीं
बस गांव में आता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# साइबर ठगों का बढ़ता हौसला, तीन साल में ही ठगी में बीस गुणा बढ़ोत्तरी

ऐसा नहीं है कि साइबर या इससे जुड़ी ठगी हमारे यहां ही होती है अपितु देखा जाए तो यह आयातित ठगी का तरीका है। साइबर या यों कहें कि इस तरह की ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर है तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर बना हुआ है।

मोबाइल पर नंबर मिलाते ही आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इस सबके बावजूद भारत सरकार द्वारा ठगी के जारी आंकड़ें ना केवल चेताने वाले हैं अपितु लगता है जैसे ज्यों ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता ही गया वाले हालात बनते जा रहे हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाने के बावजूद एक ओर ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी हालिया आंकड़ों को देखे तो पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। इस साल की शुरूआत के दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलें दर्ज हो चुके हैं और 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। यह तो साल की शुरूआत के हाल है। पिछले तीन साल के आंकड़ों पर नजर ड़ाले तो हालात की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। मजे की बात यह है कि लाख प्रयासों के बावजूद 2024 की बढ़ोतरी तो और भी चिंतनीय रही है। सरकारी



आंकड़ों के अनुसार ही 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलें दर्ज हुए और 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामलें हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामलें ऐसे भी होंगे जिनमें मामलें दर्ज कराए ही नहीं गए होंगे। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर या इससे जुड़ी ठगी हमारे यहां ही होती है अपितु देखा जाए तो यह आयातित ठगी का तरीका है। साइबर या यों कहें कि इस तरह की ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर है तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर बना हुआ है। इनके बार चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और होशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं। जहां तक हमारे देश की बात करें तो साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं तो दूसरी और ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी देदेते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राशि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनों-दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। दरअसल इसमें पुलिस, सरकारी जांच एजेंसी या प्रवर्तन निदेशालय के नकली अधिकारी बन कर इस कदर ड़रा देते हैं और मजे की बात यह कि एक दो दिन नहीं अपितु कई दिनों तक लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके ठगी का शिकार बना लेते हैं।

## समर सीजन में इस तरह से रखें पुदीने के पौधे का ख्याल, गर्मियों चाटनी खाकर आएगा मजा

हम सभी के घरों में छत पर या घर के आंगन में गार्डन जरुर होता है। इस छोटे से गार्डन में सब्जी-फलों के पौधे जरुर लगे होते हैं। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है ऐसे में आपके घर में पुदीना का पौधा जरुर होगा। अगर आप इस समय अच्छे से पुदीने पौधे की देखभाल कर लेंगे तो आपको पूरी गर्मियों में पुदीने के पत्तों का इस्तेमाल तरह-तरह की डिश में कर सकती हैं। पुदीना ताजगी से भरपूर एक जड़ी-बूटी है जो गर्म मौसम में तेजी से उगती है। पुदीना किसी भी बगीचे के लिए गर्मियों के मौसम में एक बढ़िया पौधा है। हालांकि, अत्यधिक गर्मी और तेज धूप कभी-कभी पौधे को तनाव दे सकती है यानी का आपका पौधा मुरझा, सूखना या अत्यधिक फैल सकता है। गर्मियों के दौरान अपने पुदीने को रसीला, सुगंधित और स्वस्थ रखने के लिए उचित देखभाल करना आवश्यक है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि पुदीने को पानी देने का शेड्यूल, धूप की आवश्यकता, मिट्टी का रखरखाव और कीट नियंत्रण को शामिल करने बाद अपने पौधे का ध्यान कैसे रखें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपका पुदीना का पौधा पूरे मौसम में फलता-फूलता रहे।



**सही मिट्टी का चयनः** आपको बता दें कि, पुदीने का पौधा अच्छी जल निकासी वाली और पोषक तत्व से भरपूर मिट्टी में अच्छे से उगता है। आप अपने गमले में मिट्टी के साथ खाद और बालू का मिश्रण कर सकते हैं, जिससे मिट्टी नरम और उपजाऊ बनीं रहे।

**सहीं से पौध को पानी दें:** गर्मियों में पौधे को पानी देना सबसे जरुरी होता है। पुदीने पौधे में दिन में कम से कम दो बार पानी डालें। जिससे मिट्टी हमेशा नम बनी रहे। इस बात का भी ध्यान रखे कि पानी ज्यादा न भर जाए, क्योंकि इससे जड़े सड़ जाती है।

**सीधी धूप से बचाएं:** ध्यान रखें कि गर्मियों में पुदीने के पौधे को सीधी धूप न दिखाएं। तेज धूप पड़ रही है, तो पौधे को छाया में रख दें या फिर हल्का कपड़ा ढक दें, जिससे पत्तियां मुरझाने नहीं।

**कटाई करना भी जरुरीः** पुदीना का पौधा घना और स्वस्थ बनाएं रखने के लिए समय-समय पर इसकी कटाई करें। जब पत्तियां अत्यधिक बढ़ जाएं, तो इसको छांट दें। जिससे नई पत्तियां उगने लगें।

**जैविक खाद का ही प्रयोग करें:** पुदीने के पौधे में जैविक खाद जैसे गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट या पत्तियों की खाद बनाकर डाल सकते हैं। इससे पौधा भी स्वस्थ और हरा-भरा रहेगा।

**कीड़ों से बचाएं:** गर्मियों में पुदीने के पौधे में कीटों का खतरा बढ़ जाता है। पुदीने के पौधे के लिए आप नीम का तेल या हल्का साबुन मिश्रित पानी छिड़क सकती है, जिससे पत्तियों सेफ रहें और पौधा भी स्वस्थ रहे।

## चेहरे की खूबसूरती कहीं बिगड़ ना दे मुल्तानी मिट्टी, इन चीजों को कभी भी ना मिलाएं

स्किन केयर का देखभाल करना भी काफी जरुरी होता है। आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल जरुर करते होंगे, लेकिन इसमें कुछ चीजों को मिलाकर आपकी त्वचा खराब हो सकती है। इससे आपको नुकसान भी हो सकता है, आइए आपको बताते हैं किन चीजों को नहीं मिलाना चाहिए। मुल्तानी मिट्टी जिसे फुलर अर्थ के नाम से भी जाना जाता है, यह एक प्राकृतिक मिट्टी है जिसका इस्तेमाल त्वचा की देखभाल में व्यापक रूप से किया जाता है क्योंकि इसमें तेल सोखने, सफाई करने और ठंडक देने के बेहतरीन गुण होते हैं। मैग्नीशियम, सिलिका और कैल्शियम जैसे खनिजों से भरपूर होते हैं, जो सदियों से आयुर्वेदिक और पारंपरिक सौंदर्य उपचारों में एक मुख्य तत्व बन गया है। आज भी घरों में लोग मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक जरुर लगाते हैं। मुल्तानी मिट्टी से प्रयोग हम सभी करते हैं, लेकिन कई बार मुल्तानी मिट्टी में ऐसे इंग्रीडिएंट्स मिला देते हैं



**बेकिंग सोडाः** कभी भी मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक बनाने के लिए उसमें बेकिंग सोडा मिक्स नहीं करना चाहिए। क्योंकि बेकिंग सोडा का पीएच 9 होता है, जो स्किन के लिए अल्कलाइन होता है। इसके प्रयोग से आपकी स्किन बहुत अधिक रूखी व इरिटेड स्किन कर देता है।

**नींबू का रसः** मुल्तानी मिट्टी फेस पैक बनाते समय नींबू का रस नहीं मिलाना चाहिए। क्योंकि नींबू के रस में पीएच काफी मात्रा में पाया जाता है। जिस कारण से एसिडिक होता है। वहीं, मुल्तानी मिट्टी अल्कलाइन होता है। इसलिए इन दोनों को आपस में ना मिलाएं। वरना आपके चेहरे पर रेडनेस की शिकायत हो सकती है।

**चीनी या नमकः** जब भी आप घर पर मुल्तानी मिट्टी का स्क्रब बना रहे हैं, तो उसमें चीनी या नमक मिक्स ना करें। यह आपकी स्किन को खराब कर सकती है। आपको रेडनेस और जलन के साथ-साथ प्री-मैच्योर एजिंग की शिकायत हो सकती है।

# रील्स की मायावी दुनिया व साहित्य



विजय गर्ग

इन दिनों रील्स और उसके कंटेंट की अच्छे और बुरे कारणों से खूब चर्चा होती रहती है। आजकल रील्स देखना बहुत ही लोकप्रिय होता जा रहा है। चकित करने वाली बात यह है कि रील्स के विषयों का फलक इतना व्यापक है कि वो किसी को भी घंटों तक रोके रख सकता है। अब तो स्थिति यह हो गई है कि रील्स में दिखाई गई बातों को सत्य माना जाने लगा है। रील्स की दुनिया में भविष्यवक्ताओं की बाढ़ आई हुई है।

कोई आपके नाम के आधार पर तो कोई आपके नाम में प्रयुक्त अक्षरों की संख्या को जोड़कर आपका भविष्य बता रहा है। कई महिलाएं भी भविष्य के बारे में बात करती नजर आएंगी। वो भी बता रही हैं। कि शुक्रवार को पति के साथ किस प्रकार का व्यवहार करने से लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। कोई महिला यह बताती है कि पत्नी को हर दिन पति के पाँव दबाने चाहिए, क्योंकि लक्ष्मी जी भी विष्णु जी के पांव दबाती हैं। कोई महिला यह बताती है। कि अमुक अंक लिखकर अपने घर की तिजोरी में रख दो या अमुक नंबर के नोट अगर आपने अपने घर में पैसे रखने के स्थान पर रख दिया तो आपके पास धन की कोई कमी नहीं होगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य विषय पर भी इनके बहुत सारे रील्स हैं कि यह खाना चाहिए या फिर यह नहीं खाना चाहिए। इतना ही नहीं, रील्स की दुनिया में बिजनेस करने के तौर तरीकों और और जमाधन को दोगुना और तिगुना तक करने के नुस्खे भी बताए जाने लगे हैं।

ये सब इतने रोचक अंदाज में बताया जाता है कि देखनेवाला मोबाइल से चिपका रहता है। आमतौर पर यह देखा जाता है कि अगर रील्स देखना आरंभ कर दें तो घंटे दो घंटे तो ऐसे ही निकल जाते हैं।९कहना न होगा कि रील्स की दुनिया एक ऐसी मनोरंजक दुनिया है जो लोगों को बेहतर भविष्य का सपना भी दिखाती है। लोगों को पैसे कमाने से लेकर घर परिवार की सुख समृद्धि के नुस्खे बताती है। ये नुस्खे कितने सफल होते हैं यह पता नहीं, क्योंकि इस तरह का कोई रील देखने में नहीं आता है कि फलां नुरखे से उनका लाभ हुआ या इस तरह की कोई केस स्टडी भी अभी तक समने नहीं आई हैं कि फलां नंबर के नोट तिजोरी में रखने से उसकी आमदनी निरंतर बढ़ती चली गई। परंतु हां, इतना अवश्य है कि रील्स एक ऐसी काल्पनिक दुनिया में ले जाता है, जहां सबकुछ मोहक और मायावी लगता है। रील्स की दुनिया को हल्के-फुल्के मनोरंजन के तौर पर लिया जाना चाहिए। लिया जा भी रहा है। लेकिन इन दिनों साहित्य, कला और कविता से जुड़े कुछ ऐसे रोल्स देखने को मिले जो चिंतित करते हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे रील्स देखने को मिले जिनमें सेलिब्रिटी कविता पढ़ते नजर आ रहे हैं। वो कविता किसी और की पढ़ते हैं और रील्स के डिस्क्रिप्शन में कवि का नाम लिख देते हैं। रोल में कहीं कवि का नाम नहीं होता है। सेलिब्रिटी की टीम उसको इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर पोस्ट कर देती है और अश्वत्थामा हतौ नरौ.... वाली ईमानदारी के साथ वीडियो के डिस्क्रिप्शन में कवि का नाम लिख देती है। होता यह है कि सेलिब्रिटी की पढ़ी गई कविताओं का वीडियो इन प्लेटफार्म्स से डाउनलोड करके उनके प्रशंसक उसको फिर से उन्हीं प्लेटफार्म्स पर साझा करना आरंभ कर देते हैं।

प्रशंसक अश्वत्थामा वाली ईमानदारी को समझ नहीं पाते और वो सेलिब्रिटी की कविता के नाम से ही उसे साझा करना आरंभ कर देते हैं। दिनकर जी जैसे श्रेष्ठ कवियों की कविताएं तो लोगों को पता है तो उसमें यह खेल नहीं हो पाता है, लेकिन कई नवोदित कवि की कविताएं सेलिब्रिटी के नाम से चलने लगती हैं। कवि को पता भी नहीं चलता और वह कविता सेलिब्रिटी के नाम हो जाती है। रील्स की दुनिया में इस बेईमानी से कई साहित्यिक प्रतिभा कुंद हो जा रही हैं। इसका निदान कहीं न कहीं बौद्धिक जगत को ढूंढना ही चाहिए। इंटरनेट मीडिया पर बाढ़ की तरह संचालित इन रील्स का एक और नुकसान जो साहित्य का हो रहा है, वह यह कि पौराणिक ग्रंथों से बगैर संदर्भ के किस्सों को उठाकर प्रामाणिक तरीके से पेश कर दिया जा रहा है। पिछले दिनों जब इलाहाबादिया का मामला सामने आया था तो उसके कुछ दिनों बाद एक रील मेरी नजर से गुजरा। एक बेहद लोकप्रिय व्यक्ति उसमें एक किस्सा सुना रहे थे। किस्से में वह बता रहे थे कि कालिदास अपना ग्रंथ कुमारसंभव पूरा क्यों नहीं कर पाए? उनके हिसाब से कालिदास जब कुमारसंभव में पार्वती और शंकर जी की रतिक्रिया के बारे में लिखने जा रहे थे।

बौद्धिक समाज को इस तरह के प्रसंगों पर विचार करते हुए इस पर विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए। चिंता तब और अधिक होती है, जब इस तरह के रील बनानेवाले लोग लोकप्रिय होते हैं। रील्स की दुनिया से पहले फेसबुक ने साहित्य का बहुत नुकसान किया, विशेषकर कविता का फेसबुक के लाइक्स और कमेंट ने कवियों और रचनाकारों के दिमाग में यह बैठा दिया कि अब उनको आलोचकों की आवश्यकता ही नहीं है। वो सीधे पाठक तक पहुंच रहे हैं। ऐसे लोग यह मानते थे कि आलोचक पाठकों तक पहुंचने का एक जरिया है। जबकि आलोचकों की भूमिका उससे कहीं अलग होती है। आलोचक रचना के अंदर प्रवेश करके उसकी गांठों को खोलकर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करता है। रचनाओं में अंतर्निहित भावों को आसान शब्दों में पाठकों को समझाने का प्रयत्न करता है। इससे रचनाकार और पाठक के बीच एक ऐसा संबंध बनता था जो फेसबुक के कमेंट से नहीं बन सकता है। फेसबुक पर जिस तरह के कमेंट आते हैं, उनमें से अधिकतर तो प्रशंसा के ही होते हैं जो रचना का न तो आकलन कर पाते हैं और न ही रचना के भीतर प्रवेश करके उसकी परतों को पाठकों के लिए खोलते हैं। कुल मिलाकर जो परिस्थितियाँ बन रही हैं उनमें प्रमाणिक स्रोतों के आधार पर तथ्यों को प्रस्तुत करने के लिए साहित्यकारों को आगे आना होगा। प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी वर्षों से आह्वान कर रहे हैं कि साहित्यकारों को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म्स पर लिखना चाहिए। उनके नहीं लिखने से अनर्गल लिखनेवालों का बोलबाला होता जा रहा है। तकनीक को साहित्यकारों को अपनाना चाहिए और उसके नए माध्यमों को पाठकों तक पहुंचने का औजार बनाना चाहिए।

# मदरसे सीज करने से बच्चों का भविष्य अधर में : हरीश रावत

वेलकम इंडिया



**रुड़की।** उत्तराखंड में धामी सरकार के तीन साल के कार्यकाल में सरकार आठ उपलब्धियां भी नहीं गिना सकती जबकि उनकी अस्सी नाकामियां गिनाई जा सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रुड़की में पत्रकार वार्ता करते हुए मदरसो पर हो रही कारवाई पर भी सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि जब मदरसा बोर्ड वजूद में है और मदरसा संचालको ने मान्यता के लिए कई कई वर्ष पहले से आवेदन किया हुआ है ऐसे में उन्हें मान्यता न देने के लिए स्वयं सरकार दोषी है।साथ ही मदरसों को सीज करने से उनमें पढ़ रहे बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आज हुई पत्रकार वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज सरकार अपनी उपलब्धियों का गुणगान कर रही है लेकिन वह अपनी आठ उपलब्धियां भी जनता को बता नहीं सकती। उन्होंने दावा किया कि सरकार की अस्सी नाकामियां वह गिना सकते हैं।उन्होंने कहा कि आज किसान मजदूर हर वर्ग परेशान है।किसानों का जहां गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हुआ तो वहीं सीजन खत्म होने वाला है और गन्ने के दाम भी घोषित नहीं हुए।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं पर उत्पीड़न के मामले बढ़े है, यह सरकार महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार सनातनी होने का ढोंग करती है जबकि भाजपा सरकार सनातनी नहीं बल्कि तनातनी हैं।वहीं हरीश रावत ने कहा कि सरकार ने ही जानबूझकर मदरसों को मान्यता नहीं दी है। और फिर अचानक उनके विरुद्ध कारवाई शुरू कर दी। मदरसे अवैध तब होते जब उन्होंने आवेदन नहीं किया होता। आवेदन करने के बाद मान्यता न देना यह तो सरकार का दोष है उन्होंने कहा कि सरकार ने मदरसे बंद कर दिए अब वह बच्चे कहां जायेंगे जो इन मदरसों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। सरकार को उन बच्चों की व्यवस्था करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में मदरसों का बड़ा योगदान है।जब देश का बंटवारा हो रहा था तो इन्हीं मदरसों के संचालकों ने देश के बांटने वालों के खिलाफ आवाज उठाई थी।पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता श्रीगोपाल नारसन भी मौजूद मौजूद रहे।बाद में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शंकर मठ आश्रम टोडा की गौशाला में गायों को गुड़ खिलाने भी गए।जहां आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी दिनेशानंद भारती का शाल ओढाकर उन्होंने सम्मान किया।वही स्वामी दिनेशानंद भारती ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को गाय का देशी घी भेंट कर उनका सम्मान किया।

## पूजन नैय्यर के निधन पर शोक व्यक्त किया गया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : जालंधर के सिटी लाइव समाचार पत्र के मालिक रमेश नैय्यर के सुपुत्र पूजन नैय्यर के निधन पर बरवाला कार्यालय में बरवाला व उकलाना प्रेस के साथी राजेश सलूजा, मनोज कुमार, जगदीश असीजा, कपिल मेहता, राजेश चुग, मनीष कुमार ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता से परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। वही पत्रकार मनोज कुमार ने कहा कि पूजन नैय्यर ने छोटी सी उम्र में अच्छा मुकाम हासिल कर लिया था। उनका अकस्मात जाना समाज के लिए एक एक दुखद है। वही प्रेस क्लब के पूर्व प्रधान जगदीश असीजा ने कहा कि पूजन नैय्यर का इस तरह से चले जाना परिवार व समाज के दुखद है उनके जाने से परिवार को दुख हुआ है ईश्वर उसे आत्मिक शांति प्रदान करते हुए अपने चरणों में स्थान दें।

# चिड़ावा प्रधान डाकघर द्वारा फिलेटली कार्यशाला आयोजित हुआ



वेलकम इंडिया

**चिड़ावा।** 25 मार्च।भारतीय डाक विभाग द्वारा "फिलेटली कार्यशाला" का आयोजन लोहिया पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया।

चिड़ावा प्रधान डाक घर द्वारा आयोजित फिलेटली कार्यशाला में प्रधान डाकघर के डाकपाल हरी नारायण मीणा ने डाक विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी।डाक सहायक विकास ने विद्यार्थियों को डाक टिकट संग्रह की उपयोगिता और इतिहास से अवगत कराया।इस अवसर हुई प्रश्नोत्तरी में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट उत्तर दिए।हरिनारायण मीणा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।दुर्लभ डाक टिकटों की आकर्षक प्रदर्शनी ने सभी का मन मोह लिया, और डाक विभाग ने भविष्य में ऐसी ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं के आयोजन का संकल्प दोहराया। कार्यशाला का कुशल संचालन डाक सहायक विकास ने किया। कार्यशाला में डाक विभाग के कार्यालय सहायक विजय कुमार मीणा एवं श्रीमती मनीषा भूकर (डाक सहायक चिड़ावा) व मनीष एमटीएस (चिड़ावा प्रधान डाकघर) ने सराहनीय योगदान दिया।लोहिया पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन रामसिंह नेहरा, निदेशक जगपाल सिंह यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, प्रधानाचार्य श्रीमती प्रमिला झाझाड़िया ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## युवक पर हमले के आरोपी पप्पू गिरधारी के भतीजे समेत चार पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले में अपराधों को रोकने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में पप्पू गिरधारी के भतीजे समेत फरार चार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जोगी नवादा में सब्जी लेकर लौट रहे स्कूटी सवार पर हमला और गाली-गलौज करने के मामले में बारादरी के जोगी नवादा निवासी टिंकू राठौर पुत्र नन्हेलाल, आकाश राठौर पुत्र हरिप्रसाद, विशाल पुत्र किशोर उर्फ भूरा और संनिक कॉलोनी निवासी अभिषेक पुत्र नरेश चारों आरोपी शामिल थे। ये अभी भी फरार हैं, अब इन पर इनाम घोषित किया गया है। 8 दिसंबर की शाम बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे जोगी नवादा निवासी लखन राठौर पर पप्पू गिरधारी के भतीजों ने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमले के बाद पीड़ित की पत्नी रीना सिंह ने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।हमले के 7 आरोपी जेल जा चुके हैं, और चार अभी भी फरार हैं।अब पुलिस टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए सक्रिय हो गई हैं।

## श्याम भक्तों ने निकाली खाटू श्याम निशान शोभायात्रा

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मंगलवार को बडे ही धूमधाम से श्याम भक्तों के साथ खाटू श्याम निशान शोभायात्रा निकाली गई। खाटू श्याम निशान शोभायात्रा श्रीराम जानकी मन्दिर से पूजा अर्चना के बाद सुबह 09 बजे श्याम भक्तों की ओर से झांकी भी निकाली गई।खाटू श्याम निशान शोभायात्रा में श्रीराम जानकी मन्दिर, नगर पंचायत भवन, गोलघर, भारत माता चौक, प्रेम गली से पुलिस बूथ, गोलघर गली, हनुमान मन्दिर से राजस्थान अतिथि भवन तक निकाला गया। वहीं सभी निशान को खाटू श्याम बाबा की झांकी के पास एकत्र करके रखा गया था।वहीं रवि अग्रवाल व सतीश कुमार मित्तल ने कहा कि निशान यात्रा के बाद शाम को मारवाड़ी धर्मशाला में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें राजस्थान के श्याम रत्न पप्पू शर्मा जी व नानपारा धाम के कुमार शानू को गायक भजन संध्या में प्रतिभाग करेंगे।

# व्यापार मंडल ने जड़े जल संस्थान कार्यालय में ताले अधिशासी अभियंता का किया घेराव

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** नगर क्षेत्र में व्यापारियों ने छोटे छोटे दुकानों में महंगे बिल भेजने से नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष खफा है।पानी के बढ़े बिल मिलने पर नगर के व्यापारियों ने जलसंस्थान से शीघ्र बिलों को ठीक करने की मांग उठाई थी।और विरोध जताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज व्यापारियों ने पूर्व में विभाग का पुतला दहन और शीघ्र बिल ठीक नही किए जाने पर कार्यालय में आंदोलन और तालाबंदी की चेतावनी दी थी।वही मामले में जिलाधिकारी को भी शिकायती पत्र का ज्ञापन दिया था।नाराज होकर व्यापारी व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने कार्यलय में विरोध प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिशासी अभियंता का घेराव कर विभाग की तानाशाही के खिलाफ जल संस्थान कार्यालय में ताले जड़ दिए।अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा की होटल, रेस्टोरेंट व्यापारियों को 10 से 15 हजार रुपये तक बिल भेजा गया है। नगर में पेयजल संकट बना रहता है, छोटे व्यापारी अधिकांश किराए में दुकान चलाते हैं।जितना पानी उनके द्वारा खर्चा भी नहीं किया जा रहा है। उनके द्वारा पूर्व में शिकायत के बाद भी अभी तक विभाग द्वारा कोई सुध नही ली गई जबकि कई बार जिलाधिकारी और जल संस्थान को बड़े बिलों में सुधार करने की मांग की गई, लेकिन इन बिलों में सुधार नहीं हुआ।

व्यवस्था से नाराज नगर व्यापार मंडल और बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने जल संस्थान कार्यालय में तालाबंदी कर एक दिवसीय धरना दिया।उन्होंने कहा कि जल्द बिलों में सुधार नहीं किया जाता है जल्द ही जल संस्थान कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे।मामले में जलसंस्थान के ईई सी एस देवड़ी ने नाराज व्यापारियों से मामले में वार्ता की, पर काफी देर तक वार्ता के बाद कोई समाधान नही निकलने के बाद व्यापारी नेता आक्रोशित हो गए।और विभाग में तालाबंदी शुरू कर दी। जिसके बाद पुनः ईई देवड़ी ने आंदोलनकारियों से वार्ता की और लिखित समझौता पत्र देकर जिन व्यापारियों को निर्धारित शुल्क से अधिक बिल भेजा गया है यदि बिल में अधिक बिल अंकित हुआ होगा तो ऐसे बिल को तत्काल ठीक कर दिया जाएगा, उन्होंने सभी व्यापारियों को जल्द बिलों को ठीक करने का आश्वासन देने के बाद व्यापारी नेता मान गए जिसके बाद धरने को समाप्त कर दिया गया।

इस मौके पर व्यापार मंडल सचिव पुष्कर किरमोलिया सहसचिव राहुल साह, सुनील पांडे, बागेश्वर संघर्ष वाहिनी महामंत्री नवनीत बिष्ट, लक्ष्मी धर्मशक्तू, विनोद थापा,पूरन मेहता, दिव्यांशु कुमार, कैलाश जोशी, जीवन परिहार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पीआरवी 6001 द्वारा बाइक फिसल कर गिर जाने के कारण दुर्घटना में घायल 01 महिला को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 6001 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत मगहर कालर द्वारा बाइक फिसल कर गिर जाने के कारण दुर्घटना में घायल 01 महिला बबली पुत्री रामजी निवासी सियरासांथा थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी का0 आशीष शुक्ला, का0 विपिन मिश्रा, हो०चा0 अनिल पाण्डेय कर्मियों ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर उक्त घायलो को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला अस्पताल खलीलाबाद भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना को० खलीलाबाद को अवगत कराया गया।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 78 वाहनों से 77,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 78 वाहनों से 77,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक मंगलवार परेड का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया ।निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई । उन्होंने परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, पुलिस कैंटीन, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया । उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# थाना धनघटा पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा उ0नि0 जयप्रकाश कुशवाहा, हे0का0 बदरे आलम, हे0का0 सोनू पटेल, का0 मेराज अली ने मु0अ0सं0 96/2025 धारा 137(2), 87, 352,351(3),3(5) बीएनएस व 3(1)ध,3(2)५,3(५) रउ/रळ अूॅ३ थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्तगण मो0 शादाब पुत्र अब्दुर्र रहमान, मो0 अजहर पुत्र अब्दुल कलाम, अबुशामा पुत्र बदरुल हसन निवासीगण निहालूपुर (मानपुर) थाना महुली मो0 अरमान पुत्र मो0 सफात निवासी रामुपुर थाना महुली को पौली चौराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 03.03.2025 को थाना धनघटा पर वादिनी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा योजनाबद्ध तरीके बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख को भेंट किया पंचांग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मझगवां ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारियों ने मझगवां ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख यशवंत कुमार से एक शिष्टाचार मुलाकात की, जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख को सर्वप्रथम अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का पचांग भेंट किया। पंचांग भेंट करने के उपरांत कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख यशवंत कुमार के साथ शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की और उनका जल्द से जल्द निस्तारण हो सके ऐसी उम्मीद जताई, जिसका ब्लॉक प्रमुख ने संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मझगवां ब्लॉक अध्यक्ष विवेक वर्मा, महामंत्री नरेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष आशीष गंगवार, संगठन मंत्री राजपाल सिंह, संरक्षक प्रशांत कुमार, रविन्द्र कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लेखिका, साहित्यकार डॉ. निक्की शर्मा 'रश्मि' का हुआ सम्मान

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** 25 मार्च। साहित्यिक क्षेत्र में विशिष्ठ पहचान रखने वाली वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर प्रसिद्ध लेखिका, साहित्यकार डॉ.निक्की शर्मा 'रश्मि' को भागलपुर में सम्मानित किया गया।

भीखनपुर स्थित मेहता भवन में आयोजित सम्मान समारोह में भागलपुर की बेटी, धरा धाम इंटरनेशनल की धरा एंबेसडर, डॉ. निक्की शर्मा 'रश्मि' का साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध कथाकार उमाकांत भारती ने पुष्पगुच्छ, शॉल और उनकी ही लिखित पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. निक्की शर्मा 'रश्मि' के अनुकरणीय साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुवे कहा कि डॉ. शर्मा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का सराहनीय कार्य किया है। उनकी कहानियों में नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का गहरा प्रभाव परिलक्षित होता है।डॉ. शर्मा ने अपनी कहानी के माध्यम से समाज में व्याप्त विसंगतियों और मानवीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित किया है। वहीं रंजन कुमार की कहानी ने जीवन के जटिल पहलुओं को बेहद सरल और मार्मिक शैली में प्रस्तुत किया, जिससे कई श्रोताओं की आँखें नम हो गईं।इस अवसर पर डॉ. नवीन कुमार निकुंज, डॉ. पुष्पकुमार राय, डॉ. शतदल मंजरी, सुनील पटेल, धीरज पंडित, रीता मिश्रा और उमाकांत भारती ने भी अपनी रचनाओं का पाठ कर साहित्य प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# धर्म रक्षा संघ ने कुरुक्षेत्र गोलीकांड में संलिप्त हरिओम बाबा का पुतला दहन किया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ एवं श्रीमद् भागवत मंदिरम के तत्वावधान में आज साधु संतो, ब्राह्मणों एवं वेदपाठी कर्मकांडी छात्रों के द्वारा कुरुक्षेत्र में 1008 कुंडीय यज्ञ का आयोजन करने वाले हरिओम बाबा के खिलाफ एक विशाल प्रदर्शन किया गया। आचार्य बद्रीश महाराज के नेतृत्व में श्रीमद्भागवत मंदिरम, गोपाल खार, वृन्दावन में धर्म सभा का आयोजित किया। उसके बाद सभी ने जुलूस निकालकर परिक्रमा मार्ग, राजपुर तिराहे पर हरिओम बाबा के खिलाफ नारेबाजी की। राजपुर चौराहे पर कुरुक्षेत्र गोलीकांड के दोषी हरिओम बाबा के पुतले को जूते मारने के बाद पुतला दहन किया गया।

आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों में भारी आक्रोश है हमारे विद्यालय से अनेक छात्र कुरुक्षेत्र के उस तथाकथित यज्ञ में भाग लेने हेतु बुलाए गए थे उसी में से एक छात्र आशीष तिवारी गोली कांड का शिकार हुआ तथा अन्य छात्र अपनी जान बचाकर वहां से किसी तरह भागे हैं। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा की हरिओम बाबा ने गोलीबारी जैसा जघन्य कांड करके जो अपराध किया है उस अपराध की क्षमा याचना मांगने के बजाय वह हमारे वृन्दावन के बृजवासियों एवं ब्राह्मणों पर यज्ञ में विघ्न डालने के लिए संयंत्र करने का झूठा आरोप लगा रहा है जो कि अत्यंत निंदनीय होने के साथ बर्दाश्त के बाहर है। हरिओम बाबा को तुरंत गिरफ्तार कर जेल में डाल देना चाहिए। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि हरिओम बाबा ने यज्ञ को धंधा बनाया हुआ है उसने सभी ब्राह्मणों के साथ खास करके वृन्दावन के ब्राह्मणों के साथ जो दुर्व्यवहार किया यह हमारे सनातन समाज के लिए एक कलंक के समान है संत समाज ऐसे निकिष्ट प्रकृति के बाबा का बहिष्कार करेगा। हरिओम बाबा को अपने किए अपराध का कठोर दंड मिलना चाहिए।

प्रदर्शन में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, महंत दशरथ दास, महंत अतुल कृष्ण दास, महंत देवानंद परमहंस, पंडित विनय शुक्ला, जिलाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ, पंडित प्रशांत तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान सेवा संगठन, प्रफुल्ल अवस्थी अखिल भारतीय गौ सेवा समिति, विनय शुक्ला, कृष्णा पाठक, धर्मेंद्र पांडे, शुभम पचौरी, आयुष नारायण शुक्ला, आचार्य बृजेंद्र मिश्रा, आचार्य कल्याण, महाकाल शर्मा, सौरभ भारद्वाज आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा में गुणवत्ता व उन्नयन के लिए गरुड़ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय का चयन

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं ज्ञानवर्धन प्रशिक्षण योजना ( शैक्षणिक भ्रमण योजना ) 2024 के तहत सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ के प्रभारी प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शिवप्रकाश राय को चयनित किया गया है। इस योजना के तहत उत्तराखंड के 40 प्राध्यापकों को राज्य की विभिन्न सरकारी डिग्री कॉलेज से चयनित किया गया है। जो देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों जैसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ( जेएनयू ) दिल्ली एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।डॉक्टर राय का चयन इस सूची में गरुड़ महाविद्यालय के प्रतिनिधित्व के रूप में हुआ है। डॉक्टर शिव प्रकाश राय को यह अवसर उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक गतिविधियों, शोध कार्यों ,नवाचारों एवं उद्यमिता प्रशिक्षण में योगदान के कारण दिया गया है। इस योजना के तहत प्रतिभागी प्राध्यापकों को नवीनतम शिक्षण तकनीक को शोध के आधुनिक दृष्टिकोण, एकेडमिक समाचारों को आधुनिक नवाचारू और राष्ट्रीय स्तर की बौद्धिक चचाओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# डालमिया बाग से पेड़ काटने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लगाया 454 लाख रुपये जुमार्ना

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वृंदावन के डालमिया बाग पेड़ कटान मामले में प्रति पेड़ ?1 लाख जुमार्ना लगाते हुए 454 लाख रुपए जमा करने के आदेश पारित किए हैं। इसके अलावा कोर्ट ने बिल्डर को आदेश दिए हैं कि वह शीघ्र 9020 पेड़ लगाने के लिए जमीन क्रय करके उपलब्ध कराए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि तत्काल आदेश का पालन करके उनको अवगत कराया जाए। शिव शंकर अग्रवाल की तरफ से पैरवी देश के जाने-माने अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा की गई। उक्त केस की सुनवाई अभय एस ओखा एवं उज्जवल भुआन की पीठ द्वारा की गई।

## तमंचे के बल पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** गांव खेडाकुर्तान निवासी शीशपाल पुत्र रतिराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की रात्रि उसका भतीजा राजेन्द्र पुत्र शिवकुमार फुली पुत्र कवरपाल, तथा दो अज्ञात व्यक्ति उसके खेत में स्थित शिव गोरखनाथ जी के डेरे पर हाथों में तंमचा लेकर पहुंचे तथा उस पर हमला कर दिया। उसने भाग कर डेरे में घुसकर दरवाजा बंद करके अपनी जान बचाई, इस दौरान आरोपियों ने वहां पर बंधी गायों के ऊपर हमला करके उन्हें घायल कर दिया तथा उनके लिए बनाएं गए कमरे को तोड दिया। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## मायके एवं ससुराल पक्ष के लोगों में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन से अधिक घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में मायके में ससुराल पक्ष के लोग आमने–सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में आधा दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गए। घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना उपचार करने के बाद पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी जयवीर के बेटे दीपक की शादी 6 वर्ष पूर्व जनपद मुजफ्फरनगर के गांव निमखेड़ी निवासी नेहा के साथ हुआ था। मंगलवार को नेहा ने पति द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मायके पक्ष को फोन कर मामले की जानकारी दी। ससुराल में विवाहित बेटी के साथ मारपीट की घटना की जानकारी से मायके पक्ष के लोगों में गहरा रोष गया। दर्जनो की संख्या में मायके पक्ष के लोग बेटी की ससुराल पहुंच गए। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाया। दोनों पक्षों के बीच मामले को लेकर तीखी झड़पे पर शुरू हो गई। विवाद बढ़ जाने के बाद दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष शुरू हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों व पत्थराव से हमला कर दिया। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। दोनों पक्षों के बीच विस्फोटक स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़ा करने वाले दोनों पक्षों को हटा दिया। मारपीट के दौरान दीपक, बहन निशा, मां बबली, ताऊ राजकुमार तथा नेहा पक्ष से गीता, नितिन,निता,नेहा यह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्ष की ओर से आठ लोग घायल हो गए। मामले में लड़के पक्ष से जयवीर व लड़की पक्ष से नितिन पुत्र प्रकाश निवासी नीम खेड़ी ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# सपा नेता का कमलापुरी में पीडीए कार्यक्रम: गरीब महिलाओं को साड़ियां और विकलांगों को ट्राइसाइकिल बांटी

**वेलकम इंडिया**



लखीमपुर खीरी समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कस ली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू हो गया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए पलिया विधान सभा 137 समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने कमालपुरी संपूर्णानगर में एक पीडीए बैठक का आयोजन किया जिसमें काफी महिलाओं और ग्रामीणों की भीड़ जुटी। कार्यक्रम में तमाम विकलांगों को डाक्टर ए के अवस्थी द्वारा साइकिल बांटी गई। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा से निपटने के लिए सपा अध्यक्ष के निदेर्शानुसार कार्यकर्ताओ को घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील की गई है। साथ ही जनता को यह समझाने के लिए भी कहा गया है कि प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे हैं और वो समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान भी देते रहे हैं। क्योंकि बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि पीडीए समाज के हर युवक, युवती, महिला, पुरूष ने ये ठान लिया है कि वो सामाजिक एकजुटता से राजनीतिक शक्ति प्राप्त करके अपनी सरकार बनाएंगे। बाबा साहेब और उनके संविधान को अपमानित और खारिज करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से हटा देंगे। इसके साथ ही जो प्रभुत्ववादी और उनके संगी-साथी संविधान की समीक्षा के नाम पर आरक्षण को हटाने, नौकरी में आरक्षण का हक मारने का बार-बार षडयंत्र रचते हैं, उन्हें ही हटा देंगे।

# मजबूत लोकतंत्र व ठोस नीतियां बनाने के लिए पूरे देश में एक साथ हों चुनाव

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में पिथौरागढ़ व बागेश्वर जनपद से आए युवाओं ने खुलकर अपने विचार रखे। 23 प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र, मजबूत लोकतंत्र व ठोस नीतियां बनाने के लिए पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया। दस युवाओं का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया।

युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित विकसित भारत एवं युवा संसद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि युवा ही किसी देश की राजनीति की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा विकसित होंगे, तो देश भी विकसित होगा। विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। युवाओं की भारत के विकास में अग्रणी भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एके जोशी ने तथा संचालन नोडल अधिकारी डा. अवधेश तिवारी व डा. प्रियंका यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नायब तहसीलदार प्राची बहुगुणा, प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय, भाजपा नेता डीके जोशी, डा. लता आर्या, डा. श्वेता पंत, डा. विशाल टम्टा, उर्वशी टम्टा, रोहित पांडे, पवन नगरकोटी आदि मौजूद थे।.

# योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर गोवर्धन ब्लॉक सभागार में लगाई प्रदर्शनी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने पर गोवर्धन ब्लॉक सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने अपनी योजनाओं का प्रदर्शन किया, वहीं पंचायत राज विभाग ने अपने स्टॉल पर योजनाओं की जानकारी दी। शिक्षकों ने भी टीएमएल के माध्यम से सरकारी योजनाओं को प्रस्तुत किया और समग्र शिक्षा अभियान के बारे में बताया। कक्षा कक्ष मैं नवाचार और डिजिटल लर्निंग की जानकारी साझा की, निशुल्क ड्रेस पाठय पुस्तक वितरण योजना का विवरण दिया। योजना और स्मार्ट क्लास की सुविधाओं के बारे में भी बताया, वही नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रदर्शनी के दौरान चिकित्सा स्वास्थ्य, पोषाहार, पंचायत राज, कृषि विभाग, व तमाम तरह की प्रदर्शनी लगाई गई। यहां स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि और अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने 8 वर्ष पूरे होने पर सरकार द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की उन्होंने इन योजनाओं को बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विपिन सिंह,,एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, बीडीओ ग्रीस पंत,, प्रभारी एडीओ पं विजय राज सिंह, सचिव ज्वाला सिंह भुवनेश्वर सिंह,राजेश कुमार, राम कुमार, राजकुमार, संजय कुमार, गंगा सिंह, बीसी अमित कुमारज भूपेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# रोटी बैंक के बाल देवदूत ने जरूरतमंदो को कराया भोजन

**मथुरा।** श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति (रोटी बैंक ) भोजन वितरण के साथ साथ अपनी सेवाओ के लिए सुर्खियों में बनी रहती है। संस्था के सदस्य तरुण कुमार के बेटे चेतन के जन्मदिन पर प्रभुजनों को भोजन प्रसादी मथुरा के मालगोदाम रॉड काली मंदिर व विभिन्न क्षेत्रो वितरित की गई। संस्था के जीतेश कुमार ने कहा कि आपके यहाँ जन्मदिन शादी सालगिरह या अन्य उत्सव हो तो इन जरूरतमन्द की खुशियों का भी ख्याल रखें जिससे इन लोगों को भरपेट भोजन मिल सके। संस्था के लोगो का नारा है- रोटी बैंक के सदस्यों का सपना, भूखा न सोए कोई देशवासी अपना। संस्था पिछले आठ वर्षों से जरूरतमन्द के लिए सेवाओ के लिए प्रयासरत है, जिसमे कपड़े, भोजन, राशन आदि चीजे की सेवाओं के लिए जानी जाती है। जिसमे लोगो को 5 रुपये में भरपेट भोजन भी मुहैया करवाया जाता है रसोई समाज के समाजसेवी लोगो के सहयोग से चलती हैं संस्था में बहुत बहुत दूर से लोग जुड़े हुए है।

# गागलहेड़ी पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता - रात्रि चेकिंग के दौरान गौमांश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

थाना गागलहेड़ी पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान दो लोगो को गौमांश के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है वही उनका एक साथी अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया गागलहेडी थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवानपुर रोड पर बायलर फैक्ट्री के पास दो तस्कर अरशद और मुर्सलीन को गिरफ्तार किया है -जिनके पास से 12 किलो गौमांश, एक स्कूटी और चाकू बरामद हुआ हैं - वही इन दोनों का एक साथी रहीश निवासी छुटमलपुर अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया है- जिसकी तलाश हेतु प्रयास किया जा रहा है गिरफ्तार करने वाली टीम में कस्बा चौकी प्रभारी उपेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबल हरेंद्र कुमार और पालेन्द्र कुमार मौजूद रहे !

# नव सम्वत्सर भारतीय नववर्ष मेला 29 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज में

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अपनी भारतीय गौरवशाली परम्परा, इतिहास एवं स्वाभिमान का प्रतीक भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला समिति, मथुरा गत 23 वर्षों से परम्परागत रूप से विशाल नववर्ष मेला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी यह एक दिवसीय विशाल मेला चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 तदनुसार 30 मार्च की पूर्व संध्या पर चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2081 तद्नुसार 29 मार्च दिन शनिवार को नववर्ष मेला समिति, मथुरा द्वारा नव आकर्षण, नवसज्जा तथा नवउत्साह के साथ सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज, मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ सम्प्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ठ अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास, उ०प्र० सरकार होंगी। यह जानकारी प्रदीप श्रीवास्तव महामंत्री नववर्ष मेला समिति मथुरा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर मथुरा में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी गई। मेला महामंत्री ने बताया कि भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए नवसम्वत्सर पर नववर्ष मेला वर्ष 2002 से शुरू हुआ है। तभी से यह मेला प्रतिवर्ष लगता है। इस वर्ष एक दिवसीय नववर्ष मेला का शुभारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2081 तदनुसार 29 मार्च 2025 दिन शनिवार को भूमि पूजन एवं हवन के साथ मध्यान्ह एक बजे से सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा।

# सनातन विरोधियों द्वारा बागेश्वर महाराज को फसाने का षड्यंत्र- दिनेश फलाहारी जी महाराज

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** बागेश्वर महाराज धीरेंद्र शास्त्री को शराब माफिया द्वारा अपनी पार्टी का उद्घाटन कराने पर पंडित दिनेश फलाहारी ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री एक भोले भाले हनुमान जी के भक्त हैं, ऐसे सीधे-साधे व्यक्ति को षड़यंत्र के तहत शराब पार्टी का उद्घाटन कराना दुखद और चिंता का विषय है। बालाजी सरकार के कृपा पात्र धीरेंद्र शास्त्री द्वारा हिंदू राष्ट्र की मांग करने पर विपक्षी पार्टियों द्वारा धीरेंद्र शास्त्री को बदनाम करने के लिए ऐसा षड़यंत्र रचा गया है। पंडित दिनेश फलाहारी ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री सनातनी हिंदुओं के गौरव हैं, उनको बदनाम करने वालों के खिलाफ जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोजकों को पता था कि यहां पर शराब पार्टी होने वाली है, उन्होंने सरकार से परमिशन भी ली थी, उसके बावजूद भी पंडित धीरेंद्र शास्त्री को वहां पर उद्घाटन के लिए बुलाया गया, सनातनी धीरेंद्र शास्त्री को मालूम नहीं था कि वहां पर शराब पार्टी चलेगी, उनको बदनाम करने के लिए यह षडयंत्रचा गया है। पंडित दिनेश फलाहारी ने षड्यंत्कारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने लिखित बयान में कहा है कि यदि ऐसे षड्यंत्र कारीयों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे।

# प्रदेश सरकार के नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के पर पॉलीटेक्निक कॉलेज में हाथरस पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो की लगाई प्रदर्शनी

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** त्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निदेर्शों के क्रम में जनपद मुख्यालय स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में 3 दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें प्रदेश सरकार के 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आम जनमानस की सुरक्षा, सुविधा एवं सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं, किये गये कार्यों एवं सरकार की उपलब्धियों के सम्बन्ध में जानकारी दी जा रही है जिससे बिना किसी परेशानी व विलम्ब के योजनाओं का लाभ आम जनमानस को यथाशीघ्र प्राप्त हो सके। मंगलवार को जनपद के एमजी पॉलिटेक्निक कॉलेज, हाथरस में जिला प्रशासन द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी-जागरूकता मेला कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम बिहारी गुप्ता, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, उ0प्र0 दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काट कर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय सहित जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधि, सम्भ्रान्त व्यक्ति, अधिकारीगण, मीडियाकर्मी आदि उपस्थित रहे। जागरुकता कार्यक्रमों के क्रम में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के नेतृत्व में पॉलीटेक्निक कॉलेज में हाथरस पुलिस के द्वारा भी स्टॉल लगाकर मुख्यमन्त्री के ड्रीम प्रोजेक्ट मिशन शक्ति, साइबर अपराधों की रोकथाम, यूपी-112 का बेहतर उपयोग, फायर सर्विस द्वारा आग से सुरक्षा के प्रति जागरुकता, यातायात व्यवस्था व यातायात सम्बन्धी जानकारी एवं आम जनमानस को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से हाथरस पुलिस द्वारा विगत वर्षों में मुस्तैद रहकर अपराध नियन्त्रण के साथ-साथ समय-समय पर आम जनमानस से संवाद स्थापित करते हुये महिला सुरक्षा, यातायात सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति चलाये गये जागरुकता अभियान एवं किये गये सराहनीय कार्यों आदि के बारे में जन सामान्य को अवगत कराया गया ताकि आम जनता बेझिझक पुलिस की बेहतर सहायता ले सके।

# दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ सफल आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार।** मेरठ दिल्ली रोड मोकमपुर स्थित आईआईए भवन में दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें 200 से ज्यादा उद्यमियों ने हिस्सा लिया इस आयोजन में हुई प्रदर्शनी में 15 से ज्यादा स्टॉल भी लगाए गए थे प्रोग्राम का उद्घाटन आईएएस नूपुर गोयल और मुख्य विकास अधिकारी मेरठ के द्वारा किया गया इस आयोजन में एमएसएमई डीएफओ आगरा डॉक्टर आर के भारती आई आई ए के अधिकारियों एवं लघु उद्योग भारती पिमा मेरठ स्पोर्ट्स गुड्स एक्सपोर्ट एसोसिएशन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मेरठ में हुए इस आयोजन में एमएसएमई डीएफओ से आए सुशील यादव सहायक निदेशक ने बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभागों द्वारा सरकारी खरीद पर विभिन्न सुविधाएं एवं नीतियां चलाई जा रही है जिसका लाभ सभी उद्यमियों को उठाना चाहिए इसके बारे में उन्होंने विस्तृत जानकारी भी दी यह आयोजन 24 और 25 मार्च को सुबह 10:00 से शाम 6:00 बजे तक किया गया कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम सफल बनाने में तनुज गुप्ता चेयरमैन आई आई ए मेरठ गौरव जैन नितिन कपूर राजकुमार शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

# होली मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** मधुरम सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में मुरारी नगर स्थित विनोद मिश्रा के आवास पर होली मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मधुरम संगीत परिवार के सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास के साथ गीत, संगीत, फाग एवं नृत्य कार्यक्रम में सरोवर होते हुए एक दूसरे को बधाई दी।

कार्यक्रम में मधुरम सांस्कृतिक मंच के सदस्यों, विनोद मिश्रा, अशोक सिक्का, उमेश साहू , बीपी नायक, आर.के.पांडे, कैलाश नारायण मालवीय, राज शर्मा, अमित कुमार तिवारी, कौशल शर्मा, सुनील अहिरवार, आकांक्षा अहिरवार, रामजी झा, धर्मेंद्र साहू, डॉ कंचन कुमार राय, अनिल कुमार तिवारी, भागवत भूषण झा, आदेश पटेरिया, ओम नामदेव, अनिल कनौजिया, राजीव अग्रवाल, लक्ष्मण झा, डी के सेन, आरती तिवारी ,चंद्रकला साहू, करुणा राय, प्रति झा, सरिता अग्रवाल, आदि सदस्यों ने होली के गीत तथा फाग गाकर एवं गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। सचिव राज शर्मा द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# पति पर तीन तलाक देकर घर से निकलने का आरोप

**कांधला।** विवाहिता को तीन तलाक देने के बाद पीडिता ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडिता को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

जनपद मुजफ्फरनगर के गांव शिकारपुर निवासी खुशीर्दा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया उसके द्वारा अपनी पुत्री गुलशन का निकाह 07 वर्ष पूर्व गांव गढीदौलत निवासी शाहरूख पुत्र युसूफ के साथ की थी। आरोप है कि निकाह के बाद से ही गुलशन के ससुराल पक्ष के लोग उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करते थे। मामले को लेकर कई बार समाजिक पंचायत भी हुई। आरोप है कि सोमवार को एक बार फिर ससुराल पक्ष के लोगों ने गुलशन के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। वही उसके पति शाहरूख ने उसे तीन तलाक दे दिया। मामले में पीडिता की मां ने गुलशन की सास नफीफा, ससुर युसूफ, सद्दाम, फारूख, मेहराना, शाहरूख के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# मानवता रत्न सम्मान प्राप्त कर अनुभव गुप्ता ने किया डिबाई क्षेत्र को गौरवान्वित

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** वृंदावन की पवित्र धरा पर गौरी गोपाल आश्रम में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम मानवता रत्न सम्मान में देश विख्यात भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य महाराज, देश सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाली पूर्व राज्यपाल व आईपीएस अधिकारी डॉ किरण बेदी ओलंपियन पदक विजेता विजेंद्र सिंह बेनीवाल ,संत अवधेशानंद महाराज के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए देश के कई समाजसेवी लोगों के साथ ही कंप्यूटर क्षेत्र में कई छात्रों को निशुल्क कंप्यूटर देकर युवा छात्रों की शिक्षा में अहम योगदान के लिए डिबाई के अनुभव गुप्ता को भी मानवता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। शक्तिपीठ श्री ज्वाला देवी के मुख्य पुजारी के मंत्रोच्चारणों के साथ दीप प्रज्वलन से शुरू हुए इस रंगारंग कार्यक्रम में देश के कई चर्चित चेहरों के साथ कई संत, यूट्यूबरों,संगीत जगत से जुड़ी हस्तियों ने अपने आशीष वचन मधुर आवाज व गायन के साथ कार्यक्रम में रंगीन छठा बिखेरी, कार्यक्रम में सपरिवार अनुभव गुप्ता को मंच पर इस खास सम्मान से नवाजा गया। सम्मान पाकर लौटे अनुभव गुप्ता ने बताया कि देश की शान ऐसे लोगों से यह सम्मान मिलना वाकई बहुत गर्व की बात है इस सम्मान से मेरे वह ऐसे सभी लोगों को और जज्बा मिलेगा कि वह मानव विकास के लिए अपने क्षेत्र में ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी दें। हमारे यहां से पढ़कर छात्र डिजिटल इंडिया के सेक्टर में अपनी सेवा अच्छे से दे सकें व देश को आगे बढ़ा सकें और मोदी सरकार की योजना डिजिटल भारत मिशन में अपना अहम योगदान दे सकें ये ही मेरा सपना है। बता दें कि अनुभव गुप्ता अपने श्री ईश्वर एजुकेयर ट्रस्ट के माध्यम से पिछले 2 सालों से लगभग 350 छात्रों को निशुल्क कंप्यूटर देकर उनकी शिक्षा में अहम योगदान दिया है संस्थान पिछले 19 वर्षों से डिबाई में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है इस संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर सैकड़ो छात्र सरकारी एवं निजी क्षेत्र में प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत हैं ।

# रत्न-ए-अवध सम्मान से नवाजी जायेंगी समाजसेवी संस्था



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन की ओर से जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली समाजसेवी संस्थाओ सम्मान समारोह का आयोजन 11अप्रैल को राजकीय संग्राहलय में किया जा रहा है यह जानकारी संगठन के जनपद झाँसी जिलाध्यक्ष सोनू साहू चटर्जी ने दी । उन्होंने बताया की 11 अप्रैल को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 समाजसेवी संस्था को रत्न-ए-अवध सम्मान से नवाजा जायेगा. इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय संग्राहलय में आयोजित होगा. कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई. इस दौरान विष्णु प्रजापति, पुनीत श्रीवास्तव, संजीव गोस्वामी, लोकेश मिश्रा, पियूष श्रीवास्तव, राजकुमार शर्मा, आनंद साहू, प्रदीप वर्मा, राजेंद्र कुमार, मुस्ताक अली, प्रियंका राजपूत, राकेश कुशवाहा, हरीश कुमार वीरू आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# ब्रेन ट्यूमर से राहत संभव है समय पर पहचान है सबसे जरूरी

वेलकम इंडिया



**झांसी!** ब्रेन ट्यूमर एक गंभीर और तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है, जिससे हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं। भारत में हर साल करीब 40,000 से 50,000 नए मामले सामने आते हैं। ब्रेन ट्यूमर दिमाग के सेल्स की असामान्य या कंट्रोल से बाहर बढ़त की वजह से होता है, जो कभी कैंसर के साथ (मेलिग्नेंट) और कभी बिना कैंसर (बिनाइन) होता है। यह ट्यूमर मस्तिष्क के सामान्य कार्यों को कठिन करता है, जिससे सिरदर्द, याद्दाश्त की समस्या, बोलने व चलने में कठिनाई जैसी परेशानियां हो सकती हैं इस बीमारी के कारणों की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन जेनेटिक फैक्टर और पर्यावरणीय प्रभाव, जैसे परिवार में ट्यूमर का इतिहास, रेडिएशन का अधिक संपर्क, कुछ केमिकल्स या इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड्स के संपर्क और कमजोर इम्यून सिस्टम को इसके संभावित कारण माना जाता है यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा में न्यूरोसर्जरी के डायरेक्टर और ग्रुप डायरेक्टर न्यूरोइंटरवेंशन डॉ. सुमित गोयल के अनुसार, "ब्रेन ट्यूमर को जितना जल्दी पहचाना जाए, उतना ही बेहतर इलाज संभव है। आज की तकनीकों से हम ट्यूमर को सुरक्षित रूप से हटाने में सक्षम हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि मरीज लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ से सलाह लें। हर दिन की देरी बीमारी को गंभीर बना सकती है ब्रेन ट्यूमर के लक्षण ट्यूमर के आकार, स्थान और बढ़ने की गति पर निर्भर करते हैं। सामान्य लक्षणों में सुबह का तेज सिरदर्द, धुंधली नजर, सीजर, याद्दाश्त में कमी, स्वभाव में बदलाव और संतुलन में दिक्कत शामिल हैं। ये लक्षण अन्य न्यूरोलॉजिकल बीमारियों से मिलते-जुलते हो सकते हैं, जिससे सही समय पर पहचान मुश्किल हो जाती है। इसलिए एमआरआई और सीटी स्कैन जैसे इमेजिंग तरीकों की मदद से ब्रेन ट्यूमर की समय पर पहचान और इलाज की बेहतर योजना संभव होती है। जल्दी पहचान से इलाज की सफलता और मरीज की जीने की संभावना में बढ़ोतरी संभव है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**टाण्डा जिला रामपुर।** दहेज में कार और बुलेट मोटरसाइकिल न मिलने पर ससुरालवालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर एसपी के आदेश पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नेहा नामक विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2021 में ग्राम मंडवा हसनपुर निवासी इन्तेयाज पुत्र जफर के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से पति और ससुरालवाले खुश नहीं थे। वे चार पहिया गाड़ी और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे और उसे प्रताड़ित कर रहे थे। पीड़िता ने पहले भी सात माह पूर्व पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन समझौते के बाद ससुरालवाले उसे वापस ले गए थे। इसके कुछ समय बाद फिर से दहेज की मांग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। 20 मार्च को विवाहिता को बुरी तरह पीटा गया, जिससे उसके शरीर पर चोटें आईं। पति उसे तीन तलाक देने की धमकी भी दे रहा था। पीड़िता ने अपनी मां और पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया





**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के डुन्डूखेड़ा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक विवाहिता के परिजनों ने ससुरालियों पर फांसी देकर हत्या किए जाने और बिना बताए अंतिम संस्कार किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव डुन्डूखेड़ा निवासी नीरज पुत्र पवन की शादी आठ माह पूर्व हरियाणा राज्य के गढ़ मीरगपुर थाना राई जनपद सोनीपत निवासी मोनिका पुत्री बलजीत के साथ हुई थी। शादी के बाद विवाहिता ने तीन बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग मोनिका को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। आए दिन मोनिका का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते थे। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कई बार सामाजिक लोगों की पंचायत का आयोजन हुआ था। सामाजिक लोगों ने कई बार दोनों पक्षों को समझा बूझकर मामला शांत कराया था। सोमवार की शाम को मोनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि मोनिका के ससुराल पक्ष के लोगों ने मोनिका के परिजनों को बिना बताए ही मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना पर मृतका के परिजन भी गांव में पहुंचे गए और हंगामा कर दिया। मृतका के परिजनों ने मृतका के ससुरालियों पर फांसी देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित परिजनों ने मृतका के पति नीरज, देवर कपिल, मनीष व सास उर्मिला व ससुर पवन के खिलाफ फांसी देकर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले मैं कार्रवाई करते हुए तीनों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जांज पड़ताल शुरू कर दी है।

# वार्षिक परिणाम घोषणा के बाद मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** मंगलवार को नगर के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक अपने बच्चों के अच्छे परिणाम आने से खुश दिखे एक ही परिवार के तीन बच्चों ने शानदार सफलता प्राप्त की जिसमें अंश ने 95% व शिवी ने 96% और आरोही ने 97% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों हर्षवर्धन 99.13% , शौर्य भटनागर 98.6%, अंजलि 99.04%, हर्षिता मलिक 98.7%, मोहम्मद तन्हा हसन 98.8%, प्रिंस पवार 88%, देवयानी 98.5%, वर्षा मलिक 97.1%, ने अच्छे अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ष द गोल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र पीयूष ने आईआईटी जेईई मेंस की परीक्षा दी जिसमें 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि इसी वर्ष एलन कोटा की परीक्षा हुई उसमें पूरे भारत में लगभग 13 लाख बच्चों ने परीक्षा दी। जिसमें द गोल्ड पब्लिक स्कूल के 350 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की तथा प्रदेश में हर्षवर्धन ने 94 रैंक हामिल की। शामली जिले में द गोल्ड पब्लिक स्कूल, कांधला ही एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां पर आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर रहे हैं। तथा एलन कोटा की परीक्षा उत्तीर्ण कर रहे हैं। खेल के क्षेत्र में सीबीएसई कलेस्टर में भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व प्रदेश स्तर पर काव्य ने 200 मीटर दौड़ में गोल्ड गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

# प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने फीता काटकार त्रिदिवसीय विकास उत्सव मेले का किया शुभारम्भ

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहीद उद्यान (कम्पनी गार्डेन) प्रतापगढ़ में त्रिदिवसीय विकास उत्सव/मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यमंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने त्रिदिवसीय मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके उपरानत प्रभारी मंत्री ने मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों क्रमशः बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, जल निगम, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, समाज कल्याण, मत्स्य पालक, वन विभाग, पशुपालन विभाग, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमशीलता विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण, श्रम विभाग, नेडा विभाग, नियोजन विभाग-फैमिली आईडी, आयुष विभाग, सेवायोजन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, यातायात पुलिस, ग्राम्य विकास विभाग, उद्योग विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बैंक ऑफ बड़ौदा, नगर पालिका परिषद बेल्हा, डूडा विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद आदि विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बनाये गये सेल्फी प्वाइन्ट पर जनसामान्य ने सेल्फी भी ली। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संस्कार ग्लोबल विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने प्रभारी मंत्री को बुके व स्मृति चिन्ह भेटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाकुम्भ 2025 तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसामान्य आत्मसात किया। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रभारी मंत्री ने 29 करोड़ 70 लाख 90 हजार के डेमो चेक का वितरण किया, तो वही विद्युत सखियों को विद्युत बिल जमा कराने हेतु प्रिन्टर दिया गया तथा समूह में अच्छा कार्य करने वाली बीसी सखियों को साड़ी भेट की गयी।

# अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) ने पेड़ी प्रबंधन प्लाटो का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** विश्वेश कनौजिया अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) उ.प्र. लखनऊ ने जनपद बिजनौर की चीनी मिल चांगीपुर, गन्ना समिति नूरपुर के ग्राम दौलतपुर में कृषक अब्दुल रशीद पुत्र अल्लादिया एवं ग्राम खानपुर में करन सिंह पुत्र घनश्याम एवं फारूख पुत्र बल्लन खां के प्लाटों में गन्ना किस्म को 0238 पेड़ी प्रबन्धन आर एम डी मशीन के संचालन एवं नैनो डी ए पी के छिडकाव का निरीक्षण किया।

अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) इसके बाद ग्राम असगरीपुर पहुंचे जहाँ उन्होंने कमलेश पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह के खेत में गन्ना बुवाई का निरीक्षण किया। कृषका से बात की कृषको द्वारा बताया गया कि बीज गन्ने को थायोफिनेट मिथाईल से उपचारित कर ट्राईकोडर्मा का प्रयोग कर बुवाई की जा रही है। अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) उ.प्र. लखनऊ ने कमलेश पत्नी स्व. राजेन्द्र सिंह पेड़ी गन्ना किस्म को 0118 में फफूंदीनाशक/कीटनाशकों के छिड़काव का सुझाव दिया। तथा कृषका को बताया



कि चीनी मिल द्वारा पावर ब्रीडर 25 प्रतिशत अनुदान पर वितरित किया जा रहा है। उसका लाभ अवश्य ले। उन्होंने अनिल कुमार पुत्र राजपाल सिंह एवं प्रदीप कुमार पुत्र सुखराम के डबल टेंच विधि से बोये गये खेत में गन्ना किस्म को 0238 में पेडी प्रबन्धन डिवाईस के संचालन का निरीक्षण किया तथा कृषकों से बात करते हुए नैनो डी.ए.पी. एवं एन.पी.के. के पर्णीय छिड़काव के महत्व के बारे में बताया तथा चोटी बेधक के नियंत्रण के लिये लाईट ट्रेप लगाने का सुझाव दिया। प्रदीप कुमार पुत्र सुखराम के खेत में छोटे ट्रैक्टर पर रोटावेटर द्वारा गुडाई की जा रही थी। अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) ने कृषकों को चीनी मिल द्वारा छोटे ट्रैक्टर पर दिये जा रहे 1.25 लाख के अनुदान की जानकारी देते हुये फसल पर पर्णीय छिडकाव का सुझाव दिया। अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) गन्ना विकास परिषद चाँदपुर/चीनी मिल चाँदपुर के ग्राम इस्माईलपुर का भी भ्रमण किया गया जहाँ उन्होंने कृषक विजयपाल सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह के टैन्च विधि से बोये गये खेत गन्ना किस्म को 0118 में पेडी प्रबन्धन डिवाईस के संचालन को परखा कृषक से बात करते हुये खेत में खाली स्थानों को भरने (गैप फीलिंग) का सुझाव दिया। इसी गांव में उन्होंने कृषक अजीत पुत्र धर्मपाल सिंह के टैन्च विधि से बोये गये खेत गन्ना किस्म को.शा. 13235 मे पेडी प्रबन्धन डिवाईस के संचालन को देखा तथा खेत से मिटटी का नमूना लेकर जाँच करने के लिये भेजा और कृषक को मिटटी के जाँच के परिणाम के आधार पर ही उर्वरकों की संतुलित मात्रा का प्रयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में कृषक सौ सिंह पुत्र रोज सिंह के शरदकालीन में बोये गये गन्ना किस्म को लख. 16202 के साथ गोभी, गन्ने के साथ टमाटर एवं गन्ने के मिर्च के सहफसली खेत का भी निरीक्षण किया। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पी एन सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर वी एम पाठक, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति नूरपुर मनोज कोंट एवं जिले की सभी गन्ना विकास परिषदों के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित चांगीपुर चीनी मिल से उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक सोमवीर सिंह, मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधक संजीव खोखर, क्षेत्रीय अधिकारी उदयराज सिंह आदि रहे।

# ईट निमार्ता समिति मालिकों की समस्याओं पर की गयी चर्चा

वेलकम इंडिया




**बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।** ईट निमार्ता समिति जनपद बागपत की ओर से मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस में हुए सेमिनार में राज्य कर विभाग, बागपत एवं बडौत के अधिकारियों के साथ परिचर्चा की गयी। इस सेमिनार में राज्य कर विभाग के जोनल कमिश्नर, स्टेट जीएसटी हरीराम चौरसिया तथा ज्वाइन्ट कमिश्नर स्टेट जीएसटी अनीता गर्ब्याल द्वारा ईट निमार्ता समिति की विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा ईट निमार्ता इकाईयों से बिक्री पर बनने वाले समस्त कर को समय से जमा करने हेतु आग्रह किया गया। जिन फर्मों द्वारा समय से समस्त कर सही रूप से जमा नही किया जा रहा है उनकी विअनुशा इकाई से जांच कराये जाने का निर्देश दिया गया। ईंट निमार्ता समिति के अध्यक्ष विक्रम राणा, राजेन्द्र सिंह एवं महामंत्री नीरज नैन द्वारा ईट निमार्ता इकाईयों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। उपायुक्त राज्य कर बागपत आरपी चौरसिया द्वारा बताया गया कि वैट अवधि की तुलना में जीएसटी अवधि में कुछ ईंट निमार्ता इकाईयों द्वारा कम राजस्व जमा किया जा रहा है प्रतिवर्ष इसे बढाने का आग्रह किया गया। जोनल कमिश्नर द्वारा विभाग द्वारा चलाई गई अधर्दण्ड एवं ब्याज माफी योजना की भी जानकारी दी गयी। सेमिनार में सहायक आयुक्त राज्य कर शशी प्रकाश, अशित मिश्र, आशीष माहेश्वरी तथा ईट निमार्ता समिति की ओर से विनोद गोयल, आनन्द पाल राणा, इन्द्रपाल सिंह, विक्रम कन्डेरा, मुकेश मित्तल, मुकेश शर्मा, नवीन गुप्ता, प्रमोद चेयरमैन, संजय प्रधान आदि उपस्थित रहें।

# ईद, रामनवमी व अंबेडकर जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक



वेलकम इंडिया

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** कठेला समय माता थाना परिसर में मंगलवार को ईद उल फितर, रामनवमी व अंबेडकर जयंती को लेकर थानाध्यक्ष शेषनाथ यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। ईद उल फितर पर विशेष नमाज अदा करने वाले ईदगाह कमेटी से निर्धारित समय की जानकारी ली गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी व ईद उल फितर पर असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। मौके पर थाना क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश, डीएम, एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मंगलवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी बैरकों व बंदियों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। जेल अधीक्षक ने अधिकारियों से बताया कि उनके व जेल स्टॉप द्वारा नियमित रूप से जेल की चेकिंग की जाती है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बंदियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय - समय पर कारागार में निरूद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत तीन आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने पहुंची पुलिस

**हापुड़।** गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित तीन आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की। गाजियाबाद जीआरपी थाना में दर्ज मुकदमे के तहत धारा 85/02, 2/3 गैंगस्टर एक्ट में भगवती पत्नी लोकेश (निवासी कुचेसर चौपला, थाना बाबूगढ़), राकेश पुत्र राजे (निवासी हरोड़ा मोड़, थाना सिंभावली), और लक्ष्मी उर्फ नन्ही पत्नी दिनेश (निवासी कुचेसर चौपला, थाना बाबूगढ़) की संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की गई। उपनिरीक्षक ब्रज सिंह, चौकी प्रभारी जीआरपी गढ़मुक्तेश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

# आगामी त्यौहार को लेकर थानाध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक



वेलकम इंडिया

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना परिसर में मंगलवार को आगामी त्योहार ईद उल फितर, रामनवमी व अंबेडकर जयंती को लेकर थानाध्यक्ष चंदन की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में थानाक्षेत्र के दोनों समुदाय के धर्मगुरु व संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष चंदन ने शासन द्वारा जारी गाइड लाइन व उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त आदेश व निर्देश से सभी को अवगत कराया गया, तथा आगामी त्यौहारों को सकुशल, सामंजस्य पूर्ण तरीके से व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखते हुए त्यौहार को संपन्न कराने की अपील की गई।

# सीएम योगी के 8 साल पूरा होने पर लगाई गई प्रदर्शनी



वेलकम इंडिया

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील कार्यालय परिसर में योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को एसडीएम कुणाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वे स्टाल पर जाकर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किए।

विभिन्न सरकारी विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए हैं। एडीओ पंचायत बृजेश गुप्ता ने बताया कि फैमिली आईडी के माध्यम से अब लोग घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों को पक्का मकान दिया जा रहा है। मेले में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, आपूर्ति और पशु विभाग समेत कई विभागों ने स्टॉल लगाए हैं। विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

एसडीएम ने लोगों से आह्वान किया कि वे योजनाओं के प्रति जागरूक रहें। अगर किसी को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो वह संबंधित विभाग को सूचित करे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय, डॉ. ज्योति, जितेंद्र, शालिनी पाण्डेय, आपूर्ति निरीक्षक राघवेंद्र शाही, सीडीपीओ मंजूलता गौतम, सुपरवाइजर संतोष कुमारी, सूरज उपाध्याय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम कुणाल ने बताया यह मेला तीन दिनों तक चलेगा।

# यूपी, राज्य के किसानों की कार्यसमिति में एमएसपी गारंटी कानून, स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने की मांग

वेलकम इंडिया



**सितारगंज,** राजेन्द्र तिवारी, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के यूपी व उत्तराखण्ड की प्रथम कार्यसमिति में किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही महापंचायत बुलायी जायेगी। इससे पहले संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। पंजाब में किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने व किसानों के जब्त ट्रैक्टर ट्राली रिलीज करने की मांग की गयी।

मंगलवार को सितारगंज के गुरुद्वारा गुरु का ताल आगरा वाले में किसानों की कार्यसमिति में केंद्र व प्रदेश सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि तीन काले कानून किसानों के दबाब के चलते वापस लिये गये। लेकिन सरकार ने अभी तक एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनाया। किसान स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग कर रही है। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसानों को पहले रोका। बाद में जेलों में ठूंसकर बर्बरतापूर्ण कार्य किया। कार्यसमिति में तराई में दशकों से जलाशयों एवं वन भूमि के किनारे काबिज किसानों को मालिकाना हक के लिए आंदोलन करने पर सहमति हुई। वक्ताओं ने वर्ग चार, वर्ग एक ग, वर्ग पांच की जमीनों के नियमितीकरण की प्रक्रिया सरल करने, किसानों की फसलों को बेसहारा पशुओं से बचाने, एमएसपी गारंटी कानून व स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करने, एक अप्रैल से गेहूं खरीद केंद्र खोलने व 48 घंटे में भुगतान करने, बिजली प्रीपेड मीटर से किसानों व मजदूरों को अलग रखने, एनजीटी की सिफारिश से लाई जा रही कबाड़ नीति को किसानों की जमीनों की समस्या का निस्तारण करने की मांग की।

# पुन: बीजेपी जिलाध्यक्ष बने विकास चौहान का गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष पद की कमान दोबारा मिलने के बाद नगर आगमन पर विकास चौहान का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के बाद जिलाध्यक्ष ने स्वामी विवेकानन्द चौक पर स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

दिन मंगलवार को नगर के संतोष साईं फार्म हाउस में नगर के भाजपा कार्यकर्ता मुनेंद्र राघव, सैंकी पाठक, मनोज गुप्ता व कैलाशचंद सैनी द्वारा आयोजित स्वागत समारोह विधायक संजय शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर विधानसभा के पांचों मंडल अध्यक्ष कैलाश सैनी, मुनेश शर्मा, डॉ. मोहित कपासिया, रामपाल सिंह ने बुके देकर स्वागत किया तो वहीं पार्टी कार्यकर्ता सैंकी पाठक, मनोज गुप्ता ने जिलाध्यक्ष बने विकास चौहान का चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक संजय शर्मा, पालिकाध्यक्ष किशन पाल लोधी, डॉ सूरजभान माहुर, महिपाल लोधी व रामपाल लोधी आदि ने अपने विचार रखते हुए विकास चौहान को कर्मठ जिलाध्यक्ष बताया और सरकार के आठ साल पूरे होने पर कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। स्वागत से गदगद विकास चौहान ने कहा कि कार्यकताओं को सम्मान दिलाना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर उमेश गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, डॉ संतोष गुप्ता, पवित्र कौशिक, उमा गुप्ता, केपी सैनी, भूपेंद्र रावल समेत नगर पालिका के सभासद व पार्टी की महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सभासद मनोज शास्त्री ने किया।

# नशीला पदार्थ मिलाकर गैंग रेप करने वाले युवक को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़/धौलाना** पुलिस ने नाबालिग किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर अपने दोस्त के साथ मिलकर गैंग रेप की घटना को अंजाम देने वाले विशेष समुदाय के युवक को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

बता दे कि धौलाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बस्ती निवासी एक युवक थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिक बेटी बाजार से सामान लेने के लिए गई थी। इसी बीच बस्ती के ही रहने वाले विशेष समुदाय के दो युवकों के द्वारा उसको उठाकर एक इंटर कॉलेज के पीछे ले गए। और उसको नशीला पदार्थ पिलाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें मामला दो समुदाय से जुड़ा होने को लेकर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर गैंग रेप की घटना को अंजाम देने वाले विशेष समुदाय के एक आरोपी नदीम को गिरफ्तार कर लिया है।

# उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ किया

वेलकम इंडिया




**बिजनौर।** इंदिरा बाल भवन में तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले का मुख्य अतिथि माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उप्र व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उधमशीलता विभाग, उ प्र सरकार प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तीन दिवसीय प्रर्दशनी मेले का शुभारम्भ द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सेवा सुरक्षा और सुशासन की सरकार के आठ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, इसमें बिजनौर सहित प्रदेश की जनता का व्यापक समर्थन भी मिला रहा है। इसके लिए उन्हें मैं बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मा प्रधानमंत्री जी एवं मा मुख्य मंत्री जी के नेतृत्व व निर्देशन में जो कदम बढ़ाए उनका परिणाम है और आशा है कि उ प्र बहुत जल्द 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने वाला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि उ प्र आठ वर्ष की इस यात्रा के दौरान देश के अंदर अर्थपुंज और अर्थशक्ति के रूप में भी उभरा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी एवं मुख्य मंत्री जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के साथ-साथ उ प्र हर एक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अग्रसर है। उन्होंने प्रदेश सरकार के विकास के सिलसिलेवार आंकड़ों का व्याख्यान करते हुए इस तीन दिवसीय विकास मेले के उद्घाटन के अवसर पर सरकार की विकास योजनाओं को लेकर जनता जनार्दन के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में लोगों को जानकारी मिल रही है और उन्हें प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है। यह कार्यक्रम सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उत्तर प्रदेश के विकास की दिशा को रेखांकित करता है। उनके द्वारा प्रथम दिवस के अवसर पर मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित लगी प्रदर्शनी एवं विभागों के लगे स्टॉलों का अवलोकन किया गया। तदोपरांत उन्होंने पुलिस वैन एवं बाईक को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्नप्रासन भी कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कन्या जन्मोत्सव, स्वागत गीत, भव्य सांस्कृतिक कायर्क्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा स्वागत भाषण एवं कायर्क्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर महाकुंभ प्रयागराज एवं उप्र सरकार की आठ वर्ष की यात्रा की दो अलग-अलग लघु फिल्में भी दिखाई गयी। कार्यक्रम में राज्य मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। सूचना विभाग की ओर से तैयार की गयी पुस्तिका में सरकार की उपलब्धियों को दशार्या गया।

# उ प्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर विकास उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद व तहसील मोदीनगर के संयुक्त का तत्वाधान में सीएमडी हाल में उ प्र सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन, की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तीन दिवसीय दिनांक 25/ 03/2025 को विकास उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद वैशाली अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोदीनगर अतिथि डॉ पूजा गुप्ता उपजिलाधिकारी तहसील मोदीनगर, अतिथि विधायक प्रतिनिधि डॉ कर्ण वीर सिंह अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्र सभासद गण , सामाजिक संगठन, सोसायटी लाभार्थी, सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लाइव दिखाया गया। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी व उपलब्धियां बताई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद कुमार वैशाली अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जैसे अमृत योजना 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0,उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना,सीवरेज एवं जल निकासी,पेयजल योजना,नगरी झील एवं तालाब पोखर योजना,मुख्यमंत्री व्यक्ति नवोदय योजना, कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना,शहरी क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल विकास योजना,सड़कों पार्कों का निर्माण,आदि योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।डॉक्टर पूजा गुप्ता उप जिलाधिकारी महोदया ने सेवा सुरक्षा सुशासन के विषय में जानकारी दी।विधायक प्रतिनिधि डॉ कर्ण वीर सिंह ने विकास योजना पर की जानकारी दी।कार्यक्रम में सभासद गणो ने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के स्टाल /प्रदर्शनी लगायी गई ताकि नागरिकों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।

## केडीबी पब्लिक स्कूल में द्वितीय सोपान स्काउट गाइड कैंप का आयोजन

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को द्वितीय सोपान स्काउट गाइड कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।इस कैंप को सुचारू रूप से चलाने का श्रेय जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री श्याम सिंह को जाता है जिनके नेतृत्व में राष्ट्रपति पुरस्कृत राजदेव यादव और उनकी सहयोगी उमा विश्नोई ने सफलतापूर्वक इस कैंप का आयोजन किया। स्काउट गाइड कैंप का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, सामाजिक जिम्मेदारी और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है। यह कैंप छात्र-छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों और खेलों के माध्यम से सिखाने का एक मंच प्रदान करता है।इस कैम्प के दौरान बच्चों को स्काउट गाइड का उद्देश्य बताया गया और उन्हें विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया गया।कैंप के दौरान, बच्चों ने टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को सीखा। उन्होंने विभिन्न खेलों और गतिविधियों में भाग लिया, जैसे कि सभी प्रकार की गांठे लगाना टेंट बनाना सभी प्रकार के प्राथमिक चिकित्सा वह उसके साथ ट्रेकिंग, कैम्पिंग, और सामुदायिक सेवा जैसे कार्यों के बारे में भी जानकारियां प्राप्त की। प्रधानाचार्या निवेदिता राणा ने बच्चों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# जाट महासभा भारत के कार्यकर्ताओं ने विधायक पर कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के कार्यकर्ताओं ने विधायक नंदकिशोर द्वारा थाना प्रभारी के साथ की गई अभद्रता पर रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर एक ज्ञापन पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के नाम सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में लोनी विधायक नंदकिशोर के द्वारा एक कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसको प्रशासन के द्वारा रोकने पर लोनी विधायक ने उत्तेजित होकर लोनी थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह मलिक का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की, हरेंद्र सिंह मलिक पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी होने के साथ ही जाट समाज के सम्मानित व्यक्ति हैं लोनी में हुई इस घटना से जाट समाज बेहद आक्रोशित है, समाज का मानना है की लोनी विधायक के द्वारा जो गला दबाया गया है वह पुलिस प्रशासन का गला दवाने का काम किया लेकिन समाज कदापि अपने समाज के वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मान और स्वाभिमान से हुए खिलवाड़ को भी बर्दाश्त नहीं करेगा। इसलिए आपसे आग्रह है कि उक्त पूरे प्रकरण की गंभीरता से उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर पर प्रयुक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कराते हुए कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाए अन्यथा की स्थिति में आक्रोशित जाट समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरोहा, प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख,प्रवीण मलिक, सुधीर चौधरी,सोनवीर, अमित जाखड़, प्रमोद चौधरी आदि कार्यकर्ता थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यालय पर हवन पूजन कर कार्यभार ग्रहण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने हवन पूजन कर पदभार संभाला। मंगलवार को जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह ने नेहरू नगर गाजियाबाद स्थित जिला कार्यालय पर हवन पूजन कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह आप पहले भी जिला गाजियाबाद में संगठन के सभी आयामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करते आए हैं ।आशा है आगे भी आप पार्टी संगठन के सभी आयामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे और जिला गाजियाबाद को प्रदेश में अग्रणी रखने में अपना योगदान देंगे और साथ ही हमें भाजपा की सभी नीतियों को अंतिम पायदान तक पहुंचना है। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि प्रदेश क्षेत्र ,जिला ,मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर मेरठ मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मेरठ मंडलायुक्त ऋषिकांत भास्कर से जलालाबाद निस्वापुर के प्रधान सचिन कुमार' नूरपुर भवानीपुर के पूर्व प्रधान प्रदीप मुखिया' डिडवारी (चित्तौड़ा) के प्रधान अरविंद कुमार व समयपुर ग्राम के प्रधान अरुण कुमार इन सभी ग्राम प्रधानों का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल सहकारिता चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के साथ कमिश्नर साहब से मिलकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उनको अवगत कराया साथ में बाबा दिलावर सिंह व बलवान सिंह मौजूद रहे। दिनेश कुमार गोयल सभापति प्रदेशीय विधुत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति की अध्यक्षता में गाजियाबाद विकास भवन सभागार में सुनी समस्याएं

## सब्जी मंडी में रात भर मृत पड़ा रहा गोवंश

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद सब्जी मंडी में रात भर गोवंश मृत पड़ा रहा। इसकी जानकारी होने पर मंगलवार सुबह व्यापारियों ने रोष जताया, जिसके बाद समिति ने गोवंश के शव को उठवाकर गड्ढे में दबाया। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में गोवंश कूड़े में पड़ी सब्जियां खाने आती हैं, लेकिन इन्हें बाहर निकाले बिना ही गेट बंद कर दिया जाता है। सोमवार रात एक गोवंश मंडी में मृत अवस्था में मिली।

इसकी सूचना दी गई, लेकिन रात में टीम नहीं भेजी गई। रात भर मृत गोवंश का शव पड़ा रहा। सुबह व्यापारियों ने हंगामा किया, जिसके बाद मंडी समिति के अधिकारी पहुंचे और शव को उठवाया। मंडी सचिव सुनील कुमार का कहना है कि रात में कर्मचारी नहीं मिले थे। सुबह होते ही शव को गड्ढे में दबा दिया गया।

# सूरज ढलते ही प्रारम्भ होता है प्रतिबन्धित वृक्षों का कटान

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** जनपद बुलन्दशहर के थाना खानपुर क्षेत्र व विकासखंड जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव में सूरज के गिरते ही प्रतिबन्धित वृक्षों का काटन शुरू हो जाता है क्षेत्र में हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों का कटान जोरों पर जिम्मेदार बेखबर खाकी की आड़ में चल रहा बड़ा खेला जहां एक ओर यूपी के मुखिया करोड़ों रुपए का बजट देकर हरे पेड़ों को लगाने और संरक्षित करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी ओर कर्मचारी की मिली भगत से हरे पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है। प्रतिबंधित पेड़ों पर वन माफियाओं द्वारा खुलेआम आरा चलाने का मामला सामने आया है,लेकिन इस तरफ ध्यान देने वाला कोई नहीं है ताजा मामला जहांगीराबाद के गांव पुठा का है जहां सड़क किनारे खड़े सरकारी पीपल के वृक्ष को काट दिया लकड़ी माफिया के हौसले इतने बुलंद है की सबूत मिटाने के लिए वहां पर नमक डाल दिया ताज्जुब की बात यह है कि एक हफ्ता बाद भी वन विभाग में कोई कार्रवाई नहीं की जब सरकारी पेड के कटान के बारे में चौकीप्रभारी अमरगढ़ से पूछा गया तो बताया गया कि सूचना मिलते ही हमारे द्वारा वन विभाग को सूचित कर दिया गया था ।लेकिन अभी तक कोई भी प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

# किसानों पर किसी भी तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सैकड़ो कार्यकताओं ने स्याना तहसील में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसान एवं महिला किसानों ने अपने विचार व्यक्त किये ।संचालन ठाकुर शैलेंद्र आर्य युवा जिला अध्यक्ष ने किया तथा अध्यक्षता भगवाना मुकदम ने किया।

वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने कहा कि गांवों में किसान मजदूर की आस्था के प्रतीक पूजनीय कुआं जो ग्राम समाज की संपत्ति है जिसको दबंग व्यक्ति कब्जा कर रहे हैं। गांव भड़काऊ के दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जिसकी शिकायत बार-बार करने पर भी तहसील प्रशासन द्वारा उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है और दबंगों ने अवैध निर्माण खड़ा कर लिया यह कुआं ऐतिहासिक कुआं है जिसकी स्थापना पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी सन 1965 मैं स्वयं आए थे आज इसी कुएं को दबंग कब्जा कर रहे हैं। पंचायत में पहुंचे उपजिलाधिकारी गजेंद्र सिंह को किसान नेता चौधरी मांगेराम त्यागी ने ज्ञापन के द्वारा अवगत कराया की कुए की जमीन को दबंगों से अभिलंब कब्जा मुक्त कराकर अवैध निर्माण को रोका जाए अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक एवं ग्रामवासी स्याना से पदयात्रा चलाकर जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने को विवश होंगे।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन किया

**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज, दिल्ली-मेरठ रोड स्थित कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा 24 और 25 मार्च को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर कॉम्प्रिहेंसिव कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में संस्थान के दंत चिकित्सकों, एमडीएस एवं बीडीएस के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से किया गया। इसे आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के सहयोग से संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना था।

# यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन का चरण पादुका अभियान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट, मोदीनगर द्वारा चलाया जा रहा चरण पादुका अभियान पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, गांव सुहाना पहुंचा और 105 नन्हे बच्चों को जूते प्रदान किए। यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रवीण शर्मा ने कहा कि ₹शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का है, लेकिन उसे पाने के लिए सुरक्षित कदम भी जरूरी हैं।₹ इसी सोच के साथ यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट, मोदीनगर द्वारा चलाया जा रहा चरण पादुका अभियान चलाया जा रहा है।यह अभियान शहीद दिवस पर संस्था ने शहीदों की स्मृति में समर्पित किया। फाउंडेशन ने इस दिन को सेवा और समर्पण के रूप में मनाने का संकल्प लिया और 105 नन्हे बच्चों को जूते प्रदान किए।उन्होंने बताया कि अभियान के साथ चरण पादुका पहल अब तक 4,286 बच्चों तक अपनी सहायता पहुंचा चुकी है। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ जूते देना नहीं, बल्कि उन बच्चों को आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का एहसास कराना है, जो बिना किसी साधन के जीवन की दौड़ में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। अभियान में संस्था से डॉ. केवल कृष्ण थम्मन, सुनीता शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, रजनी शर्मा, विनय चौहान, रौनक दीप गांधी, गौरव मेहरा, रूपक मेहरा, कंचन अग्रवाल, ईशान गिरी, गुरदीप सिंह, आशुतोष और हरसीरत ने योगदान दिया। विद्यालय से प्रमोद सिरोही और सलीम जावेद ने भी अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल बच्चों को सुविधा दे रही है, बल्कि उनके आत्मसम्मान को भी बढ़ा रही है। जब बच्चे आत्मविश्वास के साथ स्कूल आते हैं, तो उनकी सीखने की क्षमता भी बढ़ती है।

# लापरवाह: अध्यापक अपने नाकामियों को छुपाने के लिए मीडिया पर लगा रहे हैं प्रतिबंध

वेलकम इंडिया

**ऊंचागांव:** शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों की लापरवाही के चलते ऊंचागांव क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा मजाक बनकर रह गई है। वार्षिक परीक्षा में बच्चे झुंड बनाकर और किताब से प्रश्न पत्र हल करते हुए नजर आए तो कहीं पर परीक्षा के समय में शिक्षक मोबाइल पर मशगूल रहे और बच्चे प्रश्न पत्र मिलने के इंतजार में कमरे में बैठे रहे और स्कूल परिसर में खेलते मिले सोमवार से परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा शुरू होने के साथ-साथ शिक्षकों की लापरवाही भी देखने को मिली वेलकम इंडिया न्यूज की पड़ताल में परिषदीय स्कूलों में चल रही वार्षिक परीक्षा की असलियत खुलकर सामने आई क्षेत्र के गांव कमालपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चे किताबों से प्रश्न पत्र हल करते हुए और और एक जगह पर झुंड बनाकर परीक्षा देते हुए मिले और प्राथमिक विद्यालय में परीक्षा के समय बच्चे परिसर में खेलते हुए मिले। प्रधानाध्यापिका मेघा रानी से परीक्षा के समय स्कूल कमरे में परीक्षा के इंतजार में बैठे और परिसर में घूम रहे बच्चों के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बच्चों के खाना खाने की बात कहते हुए लापरवाही को छुपाते हुए टरका दिया मेघा रानी ने बताया कि हमारे उच्च अधिकारियो द्वार मीडियाकर्मियों को किसी भी तरह की जानकारी विद्यालय में प्रवेश देने के लिए स्पष्ट रोक लगाई गई है।



# ह्यूमन वैल्यूज एंड हैप्पीनेस वर्कशॉप का समापन

वेलकम इंडिया



**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर में विगत एक सप्ताह से चल रहे ह्यूमन वैल्यूज एंड हैप्पीनेस वर्कशॉप का समापन हुआ। इस अवसर पर वैल्यू एजुकेशन सेल के निदेशक डॉ प्रदीप कुमार तालान ने सभी विद्यार्थियों को जीवन विद्या की मूलभूत बातों को समझाया।

डॉ प्रदीप कुमार तालान ने बताया कि हैप्पीनेस क्लासेस का कॉन्सेप्ट है कि सही समझ में ही जीवन की सच्ची खुशी निहित है। हमारे दुखी होने कारण यह है कि हम अपने जीवन में चीजों के बारे में पहले से ही कुछ धारणाएं बना लेते हैं जो अधिकांशत गलत होती हैं। वास्तविकता के ज्ञान के लिए सही समझ का विकसित होना बहुत जरूरी है। हैप्पीनेस क्लास विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर सकारात्मक बनाने में उपयोगी साबित हो सकती हैं।

# दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु बैठक हुई

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में गाजियाबाद विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों, जिलाधिकारी एवं विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ गाजियाबाद और हापुड़ जिले की विद्युत समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक में गाजियाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर और हापुड़ के उपभोक्ताओं से जुड़ी बिजली कटौती, ट्रांसफार्मर खराबी, बिलिंग त्रुटियों और आपूर्ति की अनियमितताओं को प्रमुखता से उठाया गया। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयबद्ध तरीके से सभी समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। बैठक से पूर्व सभापति दिनेश कुमार गोयल को गाजियाबाद में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ अश्विनी त्यागी, सलिल विश्नोई (सदस्य, विधान परिषद), विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल एवं विद्युत विभाग के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनपदवासियों की बिजली से जुड़ी शिकायतों के समाधान का संकल्प लिया गया, जिससे गाजियाबाद और हापुड़ के नागरिकों को बेहतर विद्युत सुविधाएं मिल सकें।

# प्लॉट विवाद को लेकर दो पक्षों में हंगामा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** खोड़ा कॉलोनी में सोमवार को एक प्लॉट विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हंगामा हुआ। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाकर मामला शांत कराया।

घटना लोकप्रिया विहार कॉलोनी के हाईवे किनारे करोड़ों की खाली पड़ी संपत्ति की है। सोमवार को कुछ लोग बुलडोजर लेकर पहुंचे और एक प्लॉट की दीवार को क्षतिग्रस्त करने लगे। जब दूसरे पक्ष को इसकी जानकारी मिली, तो वे भारी संख्या में मौके पर पहुंच गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले में एक पक्ष के पवन कुमार, पृथ्वी सिंह और उमाकांत शर्मा हैं, जबकि दूसरे पक्ष के रफीक मलिक और शमसुद्दीन हैं। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि पवन कुमार एक भूमाफिया है, जिसका एक बड़ा गैंग है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर खाली जमीनों पर कब्जा करता है। इससे पहले भी उन्होंने कई लोगों की संपत्तियों पर अवैध कब्जा किया हुआ है। रफीक मलिक ने आरोप लगाते हुए कहा कि पवन कुमार, पृथ्वी सिंह और उमाकांत शर्मा भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलकर गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते हैं। यह लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं, लेकिन हम अपनी जमीन पर कब्जा नहीं होने देंगे। उमाकांत शर्मा ने कहा कि यह प्लॉट हमारा है, जिसका खसरा नंबर 1227 है। कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है, इसलिए हमने कब्जा लेने की कोशिश की। लेकिन दूसरा पक्ष इसे अपनी संपत्ति बता रहा है, इसलिए हमने पुलिस को सूचना दी। हमारे पास जमीन से संबंधित सभी वैध दस्तावेज हैं। मोहम्मद इश्हाक ने कहा कि पवन कुमार और उनके साथी फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने की फिराक में रहते हैं। यह जमीन दशकों से रफीक मलिक और शमसुद्दीन की है। व्यापारी अनुज गुप्ता ने भी पवन कुमार और उनके गैंग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मेरे 7 प्लॉटों पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। यह लोग दबंग किस्म के हैं और पुलिस व भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से सीधे-साधे लोगों की जमीनें हड़पते हैं। खोड़ा पुलिस के अनुसार, प्लॉट विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर अपना-अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। मामले की जांच की जा रही है। हाल के महीनों में गाजियाबाद में प्रॉपर्टी विवादों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। लोगों का कहना है कि जिले में फिर से भूमाफियाओं के गैंग सक्रिय हो गए हैं। पुलिस की निष्क्रियता से इनकी हिम्मत बढ़ती जा रही है।

# मेवाड़ में सात दिवसीय एनएसएस का विशेष शिविर शुरू




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हो गया है। पहले दिन मंगलवार को स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने साहिबाबाद गांव में साफ सफाई का कार्य किया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान डॉ. अलका अग्रवाल ने सात दिन चलने वाली विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों के उत्थान के लिए लगन, निष्ठा एवं मेहनत से समाजसेवा का कार्य करने की विद्यार्थियों से अपील की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेष शिविर की प्रत्येक दिन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की और गतिविधियों को सार्थक और सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों की सात अलग-अलग टीम तैयार की। निर्धारित थीम पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य पर स्वयंसेवकों ने विविध प्रकार के पोस्टर, स्लोगन एवं पंप्लेंट का निर्माण किया।

# महानगर कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 24 मार्च से 14 अप्रैल तक चलने वाले आगामी कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से महानगर कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला गोल्डन व्यू रिजॉर्ट, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में संपन्न हुई, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिम क्षेत्र) मानसिंह गोस्वामी ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ मिलकर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान बलदेव राज शर्मा, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यशाला के दौरान महानगर पदाधिकारियों, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ संयोजकों की संख्या वृत्त लिया और संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकताओं से सम्मान और समानता के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता मानसिंह गोस्वामी ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल के सुशासन की सराहना करते हुए कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने 24 मार्च से 14 अप्रैल तक शीर्ष नेतृत्व द्वारा तय किए गए सभी कार्यक्रमों और अभियानों को सिलसिलेवार तरीके से विस्तार पूर्वक समझाया। इसके साथ ही, बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम उत्तर प्रदेश के अव्वल आने पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और कार्यकताओं की सराहना की। कार्यशाला के दौरान आगामी भाजपा संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी चुनावी तैयारियों और जनसंपर्क अभियानों पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में पार्टी के नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। भाजपा कार्यकताओं ने इस कार्यशाला को संगठनात्मक मजबूती के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

## अवैध संबंध बनाकर चचेरी बहन की हत्या मामले में आरोपी को उम्रकैद

**गाजियाबाद।** न्यायालय ने चचेरी बहन से अवैध संबंध बनाकर गर्भवती हो जाने पर उसकी हत्या के आरोपी को उम्र कैद एवं जुमार्ने की सजा सुनाई। हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के इस मामले में फैसला आने में हालांकि 16 साल का लंबा वक्त लग गया। लेकिन आखिरकार पीड़ित पक्ष को न्यायालय से न्याय मिल ही गया। इस संबंध में जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि वादी राजेश त्यागी की पुत्री डोली की हत्या उसके चाचा के लड़के ने अरुण त्यागी ने अपने दोस्त कुलदीप और पिंटू उ$र्फ पंकज के साथ मिलकर की थी। डॉली हत्या के समय 7 माह की गर्भवती थी अरुण त्यागी के अपने चाचा की लड़की के साथ अवैध संबंधों के कारण डॉली के द्वारा दबाव अरुण पर बनाया जा रहा था जिस कारण अरुण त्यागी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर डॉली की हत्या कर दी। वादी राजेश कुमार ने 27 फरवरी 2009 को थाना हापुड़ देहात में अपनी पुत्री के लापता होने का प्रार्थना पत्र दिया था अगले दिन यानी 28 फरवरी 2009 को सर्वोदय नगर थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में ही एक खेत में डोली का शव मिला था शव पर जख्म के निशान थे जिस धारदार हथियार से गले एवं सीने पर बेदर्दी से वार किए गए थे। इस केस में दर्जनों लोगों की गवाही हुई साथ ही फोरेंसिक रिपोर्ट एवं चश्मादीद गवाहों और साक्ष्य संकलन के आधार पर अदालत ने अपना फैसला सुनाया। इस केस में अभियुक्त अरुण त्यागी को आजीवन कारावास 302 आईपीसी में 25000 जुमार्ना 314 आईपीसी में 5000 जुमार्ना 201 आईपीसी में 2000 जुमार्ना 25/4 आर्म्स एक्ट में 1000 जुमार्ना 33000 जुमार्ना आजीवन कारावास की कड़ी सजा सुनाई गई है।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में टेक महिंद्रा का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

गाजियाबाद। डासना स्थित एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को देश की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी टेक महिंद्रा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.बी.ए., बी.कॉम., बी.सी.ए., बी.टेक., बीएचएमसीटी, बीएससी (एचएचए), एम.बी.ए. और एम.सी.ए. के छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया की शुरूआत में कंपनी अधिकारियों ने टेक महिंद्रा के प्रोफाइल और जॉब डिस्क्रिप्शन की जानकारी दी। इसके बाद ग्रुप डिस्कशन, ऑपरेशन राउंड और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 12 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर सुंदर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से.नि.) रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) अमित भारद्वाज, इंजीनियरिंग निदेशक प्रो. (डॉ.) हरीश तलूजा, मैनेजमेंट उप निदेशक प्रो. (डॉ.) दीपा कंवर, होटल मैनेजमेंट निदेशक प्रो. (डॉ.) हरवीर सिंह सहित सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष और फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस प्लेसमेंट ड्राइव को छात्रों के करियर को नई दिशा देने वाला अवसर बताया और भविष्य में भी इस तरह के प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी टक्कर, 4 घायल

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव मिल्क दुहाई स्थित एचएलएम कॉलेज के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली के थाना ज्योति नगर की अमर कॉलोनी निवासी संजीव कुमार परिवार के साथ दिल्ली मेरठ मार्ग पर जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव मिल्क दुहाई के पास एचएलएम कॉलेज के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में साइड मार दी। जिस कारण कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल की उपलब्धियों को बताया ऐतिहासिक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा ने 'उत्सव अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

नवयुग मार्केट स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल यात्रा को लेकर सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि 8 साल पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन आज यह देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में उभरकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से निकलकर एक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। 8 साल पहले उत्तर प्रदेश की पहचान अपराध और अराजकता से जुड़ी थी, लेकिन आज यह देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में शामिल हो गया है।इस मौके पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सदर विधायक संजीव शर्मा, पार्षद राजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, महामंत्री राजेश त्यागी, सौरभ जायसवाल, अमित त्यागी, अश्वनी शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, करण शर्मा, सोनू भाटी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा अपनी पत्नी की हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित चल रहे पति को च रहे गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त चाकू आरोपी से बरामद किया गया है। थाना लोनी बॉर्डर पर 22 मार्च को एक महिला ने तहरीर दी थी कि उसका पति सुंदर द्वारा उसके साथ गाली गलौज करना तथा जान से मारने की नीयत से चाकू मारकर गम्भीर रूप से घायल कर देना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल धारा- 109/352 बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। 24 मार्च को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त सुन्दर पुत्र मंगू निवासी आदर्श नगर खोडा कॉलोनी थाना खोडा गाजियाबाद, उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। सुंदर की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ।

# जाट समाज ने लोनी विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बीजेपी विधायक नंदकिशोर गूर्जर जहां मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान बेहोश होकर अस्पताल पहुंच गए, वहीं उसी दौरान उनके खिलाफ जाट समाज सड़कों पर आ गया।

जाट समाज का आरोप है कि कलश यात्रा के दौरान विधायक नंदकिशोर गूर्जर ने जाट पुलिस अफसर हरेंद्र सिंह मलिक का गला दबाकर नाफरमानी की है। जाट समाज के लोगों ने मामले को लेकर डीसीपी सिटी राजेश कुमार को ज्ञापन देकर बीजेपी विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। राष्ट्रीय जाट समाज भारत के अध्यक्ष सचिन सरोहा के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में जाट समाज के लोग पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस पर पहुंचे और एक ज्ञापन डीसीपी को दिया। जाट समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि लोनी में कलश यात्रा के दौरान कानूनी तौर पर डयूटी दे रहे जाट समाज के सम्मानित पुलिस अधिकारी हरेंद्र सिंह मलिक के साथ बीजेपी विधायक नंदकिशोर गूर्जर ने न सिर्फ बदसलूकी की बल्कि उनका गला दबाने की कोशिश भी की।

# लोनी विधायक हुए बेहोश, हॉस्पिटल में कराया भर्ती

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मीडिया मुखातिब होने के बाद डीएम कार्यालय के बाहर बेहोश हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर समर्थकों ने यशोदा हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवया। नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती विधायक का इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है की हालत में सुधार है लेकिन अभी उन्हें इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर राणा सांगा के खिलाफ सपा सांसद की टिप्पणी पर डीएम को ज्ञापन देने आए थे। विधायक के अनशन के छठवें दिन रक्तचाप कम होने से चक्कर आ गया था। विधायक कलश यात्रा पर पुलिसिया कार्यवाही से नाराज होकर अनशन पर हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर एक बार पुलिस पर आरोप लगाए। पत्र में विधायक ने पुलिस के अधिकारी पर जातीय उन्माद फैलाकर माहौल खराब करने का आरोप लगाया। विधायक ने पत्र लिखकर कहा कि लंबे समय से जनपद में अधिकारी अपना काम न करके, राजनीति कर रहे हैं। गाजियाबाद के एक बड़े अधिकारी के आदेश पर जिन अधिकारियों ने कलश यात्रा को रोका, कलश को खंडित किया। रामचरित मानस को खंडित और उसे फाड? का प्रयास किया उन अधिकारियों की जातियों को उजागर करके अब जातीय उन्माद फैलाने का कार्य किया जा रहा है। संगठनों से संपर्क साधकर जबरदस्ती उनसे पत्र व बयान जारी करवाए जा रहे हैं। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने पुलिस आयुक्त और एसीपी पर सीधा आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि उनके विरोधियों को फोन कर उनके खिलाफ टिप्पणी करने का दबाव बनाया गया है। जो लोग टिप्पणी से मना कर रहे है उन्हें जेल भेजने का डर दिखाया जा रहा है।

# उत्कर्ष के 8 वर्ष थीम पर मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीतिज् के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'उत्कर्ष के 8 वर्षज् थीम पर त्रिदिवसीय मेला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उप्र सरकार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, सदर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डिप्टी चीफ वार्डन श्री ललित जायसवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप के मेले में पहुंचने पर स्कूली छात्राओं द्वारा बैंड बजाकर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जिला कारागार, वानिकी विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, समाज कल्याण, पर्यटन विभाग सहित 80+ सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इसके बाद जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात, मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने दुर्गा स्तुति, स्वागत गीत, महाकुंभ पर केंद्रित लघु फिल्म, प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्षों पर विशेष लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप ने उपस्थित गणमान्य जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण हुए हैं।